सोमवार, 17 मार्च 2025

मौसम
तापमान 37 – 25
आर्द्रता 65%
सूर्योदय: 5:44 सूर्यास्त: 17:46

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : विनम्रता, दूसरे का आदर, माफी मांगना, शुक्रिया अदा करना महान लोगों के गुण हैं।



उत्तराखंड: भाजपा विधायक ने केदारनाथ धाम में गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग की –पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# एआई शक्तिशाली है, पर मानव कल्पनाशीलता की जगह नहीं ले सकती : प्रधानमंत्री मोदी

## पीएम मोदी ने की पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शक्तिशाली है, लेकिन यह कभी भी मानव कल्पनाशीलता की जगह नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि दुनिया चाहे एआई के साथ कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के बिना यह अधूरी रहेगी। रविवार को लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने कहा कि वास्तविक मानवीय बुद्धिमत्ता के बिना, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) विकसित नहीं हो सकती या स्थायी रूप से प्रगति नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री ने कहा, यह सही है कि हर युग में प्रौद्योगिकी और मानवता के बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल बना। कई बार इसे संघर्ष के रूप में भी चित्रित किया गया। अक्सर ऐसा दर्शाया गया, मानो प्रौद्योगिकी मानव अस्तित्व को ही चुनौती दे देगी। उन्होंने कहा, लेकिन हर बार, जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ी, मनुष्य ने खुद को (उसके मुताबिक) ढाल लिया और एक कदम आगे रहा। हमेशा से ऐसा ही होता आया है। आखिरकार, यह मनुष्य ही है जो अपने लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के सर्वोत्तम तरीके खोजता है। मोदी ने यह भी कहा कि उनका मानना है कि एआई के साथ, मनुष्य अब यह सोचने के लिए मजबूर हो रहा है कि मानव होने का सही अर्थ क्या है। उन्होंने कहा, यह एआई की असली ताकत है। एआई के काम करने के तरीके की वजह से, इसने हमारे काम को देखने के तरीके को चुनौती दी है। लेकिन मानवीय कल्पना ही ईंधन है। एआई इसके आधार पर कई चीजें बना सकता है और भविष्य में, यह और भी अधिक हासिल कर सकता है। फिर भी, मेरा दृढ़ विश्वास है कि कोई भी प्रौद्योगिकी मानव मस्तिष्क की असीम रचनात्मकता और कल्पनाशीलता की जगह नहीं ले सकती। एआई के विकास को मूलतः एक सहयोग बताते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह भारत के बिना अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा, दुनिया चाहे एआई के साथ कुछ भी करे, भारत के बिना यह अधूरा ही रहेगा। मैं यह बात बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं। मेरा मानना है कि एआई का विकास मूल रूप से सहयोग है। इसमें शामिल सभी लोग साझा अनुभवों और सीख के माध्यम से एक दूसरे का समर्थन करते हैं। मोदी ने कहा कि भारत सिर्फ सैद्धांतिक एआई मॉडल ही विकसित नहीं कर रहा है, बल्कि वह बहुत विशिष्ट उपयोग के मामलों के लिए एआई-संचालित अनुप्रयोगों पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है और उन्हें क्रियान्वित कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) तक पहुंच समाज के हर वर्ग के लिए उपलब्ध हो। पृष्ठ 7

### भारत, चीन के बीच प्रतिस्पर्धा कभी संघर्ष में नहीं बदलनी चाहिए

चीन के साथ पूर्व में तनाव के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विवाद के बजाय बातचीत का समर्थन किया और कहा कि भारत और चीन के बीच मतभेद स्वभाविक हैं लेकिन मजबूत सहयोग दोनों पड़ोसियों के हित में है और यह वैश्विक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में, मोदी ने कहा कि भारत और चीन सीमा पर 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर झड़पों से पहले वाली स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। वर्ष 1975 के बाद पहली बार दोनों देशों के बीच टकराव ने संघर्ष का रूप ले लिया था। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के जवानों की मौत हुई थी। मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अपनी बैठक का जिक्र करते हुए कहा, हालांकि, राष्ट्रपति शी के साथ हाल में हुई बैठक के बाद हमने सीमा पर सामान्य स्थिति की वापसी देखी है। हम अब 2020 से पहले की स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, विश्वास, उत्साह और ऊर्जा वापस आनी चाहिए। लेकिन स्वाभाविक रूप से, इसमें कुछ समय लगेगा, क्योंकि पांच साल हो गए हैं।'' मोदी ने कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग न केवल दोनों देशों के लिए लाभकारी है, बल्कि वैश्विक स्थिरता और समृद्धि के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''चूंकि 21वीं सदी एशिया की सदी है, हम चाहते हैं कि भारत और चीन स्वस्थ और स्वाभाविक तरीके से प्रतिस्पर्धा करें। प्रतिस्पर्धा बुरी चीज नहीं है, लेकिन इसे कभी संघर्ष में नहीं बदलना चाहिए।''

### पाकिस्तान ने शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से दिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि उसे सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, लेकिन शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से मिला। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा।'' मोदी ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं क्योंकि वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहते हुए थक गए होंगे, जहां मासूम बच्चे भी मारे जाते हैं और अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो जाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का उनका पहला प्रयास सद्भावना का संकेत था। उन्होंने कहा, ''यह कूटनीतिक कदम था, जो दशकों में नहीं देखा गया। जिन लोगों ने कभी विदेश नीति के प्रति मेरे दृष्टिकोण पर सवाल उठाया था, वे उस समय अचंभित रह गए, जब उन्हें पता चला कि मैंने दक्षेस देशों के सभी राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया और हमारे तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अपने संस्मरण में उस ऐतिहासिक भाव को खूबसूरती से कैद किया है।'' मोदी ने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की विदेश नीति कितनी स्पष्ट और आश्वस्त हो गई है।

## महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन

### कई राजनेताओं ने संवेदना व्यक्त की

**जयपुर :** राजस्थान में मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और एचआरएच होटल समूह के अध्यक्ष अरविंद सिंह



मेवाड़ का उदयपुर में लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 81 वर्ष के थे। मेवाड़, राजा महाराणा प्रताप के वंशज थे और लंबे समय से बीमार थे। उदयपुर स्थित 'सिटी पैलेस' में मेवाड़ का इलाज किया जा रहा था। अरविंद सिंह मेवाड़ के परिवार में पत्नी विजयराज कुमारी, बेटा लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और बेटियां भार्गवी कुमारी मेवाड़ और पद्मजा कुमारी परमार हैं। मेवाड़ का अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। उदयपुर 'सिटी पैलेस' रविवार और सोमवार को पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। अरविंद सिंह मेवाड़, भगवंत सिंह मेवाड़ और सुशीला कुमारी के छोटे बेटे थे। अरविंद के बड़े भाई महेंद्र सिंह मेवाड़ का पिछले वर्ष नवंबर में निधन हो गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व वसुंधरा राजे, भाजपा हरियाणा प्रभारी और भाजपा की राजस्थान इकाई के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, अरविंद सिंह मेवाड़ के भतीजे विश्वराज सिंह मेवाड़ और कई अन्य राजनेताओं तथा राजपूत नेताओं ने मेवाड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन पांच दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे



**नयी दिल्ली :** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए रविवार को भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। सोमवार को लक्सन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे और 'रायसीना डायलॉग' के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यात्रा से कुछ दिन पहले, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी के लिए प्रयास करेंगे और द्विपक्षीय सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के तौर-तरीके तलाश करेंगे। दिल्ली हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने लक्सन का स्वागत किया। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ आए प्रतिनिधिमंडल में मंत्री, सांसद, दिग्गज उद्योगपति और भारतीय समुदाय के कुछ प्रमुख लोग शामिल हैं। लक्सन 19 से 20 मार्च तक मुंबई का भी दौरा करेंगे।

## जो करेगा जात की बात, उसको कसके मारूंगा लात: नितिन गडकरी



**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के खिलाफ कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ जाति, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने नागपुर स्थित 'सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस' में शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''जो करेगा जात की बात, उसको कसके मारूंगा लात''। गडकरी (67) ने कहा कि उनका मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति, धर्म, भाषा या पंथ के कारण बड़ा नहीं होता बल्कि वह अपने गुणों के कारण बड़ा होता है। उन्होंने कहा, ''इसलिए, हम किसी के साथ उसकी जाति, धर्म, लिंग या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं।'' गडकरी ने कहा, ''मैं राजनीति में हूं और बहुत सी चीजें होती हैं लेकिन मैं अपने तरीके से चलता हूं। अगर कोई मुझे वोट देना चाहता है तो दे सकता है और अगर कोई नहीं देना चाहता तो वह ऐसा करने के लिए भी स्वतंत्र है।'' उन्होंने कहा, ''मेरे दोस्त मुझसे पूछते हैं कि तुमने ऐसा क्यों कहा या ऐसा रुख क्यों अपनाया। मैं उनसे कहता हूं कि चुनाव हारने से कोई खत्म नहीं हो जाता। मैं अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करूंगा और निजी जीवन में उनका पालन करता रहूंगा।'' गडकरी ने समाज और देश के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई वर्ष पहले जब वह विधायक थे तो उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक मुस्लिम शिक्षण संस्थान को इंजीनियरिंग कॉलेज दिलाने में मदद की थी। गडकरी ने बताया कि उनके इस फैसले पर सवाल खड़े किए गए। उन्होंने कहा, जिस वर्ग को शिक्षा की सबसे अधिक आवश्यकता है वह मुस्लिम समुदाय है।'' गडकरी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के शब्दों को दुनिया के हर व्यक्ति ने सुना है। उन्होंने कहा, ''जब कोई व्यक्ति अपनी जाति, धर्म, लिंग या भाषा से ऊपर उठ जाता है तो वह महान बन जाता है।''

## 'मृत्यु कुंभ' टिप्पणी को लेकर योगी आदित्यनाथ ने साधा ममता बनर्जी पर निशाना



**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके ''मृत्यु कुंभ'' वाले बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि ''जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे, उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' कहा था।'' मुख्यमंत्री ने यहां गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''पहली बार तमिलनाडु से लोग आए थे। केरल से भी लोग आए थे। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। लेकिन, पश्चिम बंगाल में होली के दौरान कई उपद्रव हुए। जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ थे उन्होंने कहा था कि प्रयागराज का महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' था।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन, हमने कहा कि यह 'मृत्यु' नहीं है, यह 'मृत्युंजय' है। यह 'महाकुंभ' है। इस कुंभ ने साबित कर दिया है कि महाकुंभ के 45 दिनों में, हर दिन पश्चिम बंगाल के 50 हजार से एक लाख लोग इस आयोजन का हिस्सा थे।'' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 18 फरवरी को कहा था कि भगदड़ की घटनाओं के कारण महाकुंभ ''मृत्यु कुंभ'' में बदल गया है। उन्होंने दावा किया था कि महाकुंभ में मौतों के वास्तविक आंकड़े को अधिकारियों ने दबा दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में एक संबोधन के दौरान बनर्जी ने कहा था, ''उन्होंने मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया है। भाजपा शासन में महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया है।''

## अब किसी भी मतदान केंद्र पर नहीं होंगे 1200 से अधिक मतदाता, चुनाव आयोग का फैसला



**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने मतदान आंकड़ों में अंतर को लेकर राजनीतिक दलों की आशंकाओं का समाधान खोज लिया है। अब किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। आयोग के सूत्रों ने बताया है कि एक दशक से अधिक समय से यह मुद्दा लंबित रहा है। इसलिए आयोग ने तय किया है कि भविष्य में किसी भी चुनाव में किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। इससे मतदान समय से पहले पूरा हो सकेगा और लंबी कतारें नहीं लगेंगी। अभी तक एक मतदान केंद्र पर 1500 तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। हाल ही में महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग पर मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में बड़े बदलाव का आरोप लगाया था।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने लंबित मुद्दों के सक्रिय और निर्णायक कदम उठाने शुरू किए

नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कार्यभार संभालने के करीब एक महीने के अंदर दशकों से लंबित विरासत संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और निर्णायक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए 31 मार्च से पहले ईआरओ, डीईओ और सीईओ के स्तर पर सर्वदलीय बैठकें करने का फैसला किया। आयोग ने पहली बार, इस साल 30 अप्रैल तक कानूनी ढांचे के अंदर सभी राष्ट्रीय और राज्य दलों से सुझाव मांगे हैं। अगले 3 महीनों में लगभग 25 वर्षों से लंबित डुप्लीकेट ईपीआईसी मुद्दे का समाधान देने पर भी आयोग ने सहमति दी है।

## नासा के फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों ने नए दल का अंतरिक्ष स्टेशन में स्वागत किया



**केप कैनवेरल :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया। इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं। ये चारों लोग विल्मोर और विलियम्स के धरती के लिए रवाना होने के बाद अगले छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन में बिताएंगे, जिसे सामान्य अवधि माना जाता है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।
मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।
सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



Four Square by Basu Hotel
ENJOY A JOYFULL EXPERIENCE
A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION
PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## मसालों में मिलावट : सेहत से खिलवाड़

खाने-पीने की चीजों में हो रही मिलावट से अब मसाले भी अछूते नहीं रहे हैं। मसालों में मिलावट का मामला बढ़ता जा रहा है। मिलावटखोर घटिया मसाले बेचकर मुनाफा कमाते हैं, जिससे कैंसर, पेट दर्द और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ता है। सब्जियों को स्वादिष्ट बनाने के लिए ब्रांडेड से लेकर खुदरा बिकने वाले मसाले में धड़ल्ले से मिलावट का खेल चल रहा है। आम आदमी महंगाई के साथ खाद्य पदार्थो में हो रही मिलावट खोरी से खासा परेशान रहता है। हमारे बीच यह धारणा पुख्ता बनती जा रही है कि बाजार में मिलने वाली हर चीज में कुछ न कुछ मिलावट जरूर है। लोगों की यह चिंता बेबुनियाद नहीं है। आज मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर ही पड़ रहा है। खाने पीने के पदार्थो में मिलावट कोई नयी समस्या नहीं है। मिलावट और खराब उत्पाद बेचे जाने की खबरें आम हो चुकी हैं। साल-दर-साल इसका दायरा व्यापक होता जा रहा है। मसालों में मिलावट की खबर से हर देशवासी हैरान और परेशान है। सबसे ज्यादा मिलावट मसालों में हो रही है। काली मिर्च में पपीते का बीज, लाल मिर्च में रंग वाला पाउडर और ईंट पीस कर मिला देते हैं। धनिया पाउडर में तरह तरह की मिलावट करते हैं। हल्दी में पीला रंग मिला देते हैं और जीरा में झाड़ू वाला जीरा मिला देते हैं। गलियों में फेरी लगाने वाले सस्ता और मिलावटी मसाला सरेआम बेच रहे है। सस्ते के धोखे में हमारी रसोई में मिलावटी मसाले पहुंचते देर नहीं लगती। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक काली मिर्च में पपीते के बीजों को सुखाकर मिलाया जाता है. अगर इसकी जांच आप आसानी से कर सकते हैं। काली मिर्च को कूट लें अगर इसे हाथ में लें। अगर हाथ में तेल नजर आता है तो यह असली है। इसी भांति दालचीनी के नाम पर चाइनीज कासिया बेचा जाता है। दालचीनी की खुशबू काफी तेज होती है। दालचीनी पाउडर पर आयोडीन की बूंदे डाले अगर वह पाउडर नीला हो जाए तो वह मिलावटी है। हल्दी में मिलावट की जाती है तो कहीं लाल मिर्च और काली मिर्च मिलावटी बेची जाती है। इसी तरह मिलावटी जीरा भी बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा है। ऋड्ड-ख ने जीरा की मिलावट जानने के लिए हथेली पर किए जाने वाले टेस्ट के बारे में बताया है। इस टेस्ट को करने के लिए जीरा को हथेली पर रखकर मलें। अगर हथेली पर कालिख नजर आने लगे या फिर भूसा छूटकर हथेली पर चिपक जाए तो यह जीरा मिलावटी है। अगर जीरा को रगड़ने पर हथेली एकदम साफ नजर आए तो इसका मतलब है कि जीरा में किसी तरह की मिलावट नहीं की गई है।

मिलावट का अर्थ है महँगी चीजों में सस्ती चीज का मिलावट। मुनाफाखोरी करने वाले लोग रातोंरात धनवान बनने का सपना देखते हैं। अपना यह सपना साकार करने के लिए वे बिना सोचे-समझे मिलावट का सहारा लेते हैं। सस्ती चीजों का मिश्रण कर सामान को मिलावटी कर महंगे दामों में बेचकर लोगों को न केवल धोखा दिया जाता है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया जाता है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से प्रतिवर्ष हजारों लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार होकर जीवन से हाथ धो बैठते हैं। मिलावट का धंधा हर तरफ देखने को मिल रहा है। दूध बेचने और मिलावट करने वाले से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ने मिलावट के बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है। आज मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर ही पड़ रहा है । संपूर्ण देश में मिलावटी खाद्य-पदार्थों की भरमार हो गई है । आजकल नकली दूध, नकली घी, नकली तेल, नकली चायपत्ती आदि सब कुछ धड़ल्ले से बिक रहा है। सच तो यह है अधिक मुनाफा कमाने के लालच में नामी कंपनियों से लेकर खोमचेवालों तक ने उपभोक्ताओं के हितों को ताख पर रख दिया है। अगर कोई इन्हें खाकर बीमार पड़ जाता है तो हालत और भी खराब है, क्योंकि जीवनरक्षक दवाइयाँ भी नकली ही बिक रही हैं। ामान्य तौर पर एक परिवार अपनी आमदनी का लगभग 60 फीसदी भाग खाद्य पदार्थों पर खर्च करता है। खाद्य अपमिश्रण से अंधापन, लकवा तथा टयूमर जैसी खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं। सामान्यत रोजमर्रा जिन्दगी में उपभोग करने वाले खाद्य पदार्थों जैसे दूध, छाछ, शहद, हल्दी, मिर्च, पाउडर, धनिया, घीं, खाद्य तेल, चाय-कॉफी, मसाले, मावा, आटा आदि में मिलावट की सम्भावना अधिक है। मिलावट एक संगीन अपराध है। मिलावट पर काबू नहीं पाया गया तो यह ऐसा रोग बनता जा रहा कि समाज को ही निगल जाएगा। मिलावट के आतंक को रोकने के लिए सरकार को जन भागीदारी से सख्त कदम उठाने होंगे। –बाल मुकुन्द ओझा

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 मार्च, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन चैत्र कृष्णपक्ष तृतीया, 19:34 तक, नक्षत्र : चित्रा, 14:41 तक, योग : ध्रुव, 15:40 तक, सूर्योदय: 5:44, सूर्यास्त: 17:46, चन्द्रोदय : 20:23, चन्द्रास्त: 07:11, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 07:16 से 08:46

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए यह सप्ताह पैसों के मामले में अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और निवेश से लाभ मिलेगा। किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद से धन में वृद्धि हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए यह सप्ताह आर्थिक लाभ के संकेत दे रहा है। वृषभ राशि वालों को काम में तरक्की मिलेगी और सफलता के कई मौके मिलेंगे। पैसे के मामले में भी सुधार होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए इस सप्ताह धन प्राप्ति के योग बने हैं। आपको इस वीक पैसों की तंगी से राहत मिलेगी। सेहत अच्छी रहेगी। परिवार में खुशियां आएंगी और प्यार बढ़ेगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को इस सप्ताह पैसों के मामले में बहुत राहत मिलेगी। काम में तरक्की होगी और अपने प्रॉजेक्ट की सफलता को लेकर निश्चिंत रहेंगे। पैसों के मामले में समय अच्छा रहेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए यह सप्ताह करियर के मामले में बेहतर प्रदर्शन वाला रहेगा। आपके परिवार में सुख-शांति रहेगी। यात्रा से अच्छे नतीजे मिलेंगे। यात्रा से सुख-समृद्धि के योग बनेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को काम में तरक्की मिलेगी और अपने लक्ष्य हासिल करेंगे। पैसों के मामले में अपने मन की सुनकर निवेश करेंगे तो अच्छा रिटर्न मिलेगा। अच्छे नतीजे मिलेंगे।

**तुला :** तुला राशि वालों को पैसों के मामले में लाभ होगा और निवेश से भी अच्छा फायदा होगा। किसी ऐसे व्यक्ति से धन लाभ होगा जिसकी पैसों के मामलों में अच्छी पकड़ है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए यह सप्ताह आर्थिक मामलों में लाभ और तरक्की से भरा होगा। इस सप्ताह की गई यात्रा से अच्छा लाभ होगा। आपको कहीं से शुभ समाचार भी मिलेगा।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए यह सप्ताह आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। धनु राशि वालों के लिए इस सप्ताह धन लाभ के योग बनेंगे और किसी महिला की मदद से धन में वृद्धि होगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को इस सप्ताह काम में तरक्की मिलेगी और साझेदारी में किए गए काम से अच्छे नतीजे मिलेंगे। अपनी या अपने साथी की सेहत का ध्यान रखें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को पैसों के मामले में लाभ होगा। इस सप्ताह धन लाभ के कई मौके मिलेंगे। कोई नया निवेश जरूर करें, यह भविष्य में अच्छे परिणाम देगा।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए पैसों के मामले में यह सप्ताह अच्छा है और सप्ताह की शुरुआत से ही धन लाभ के योग बनेंगे। काम में आलस्य के कारण परेशानी हो सकती है।

# ज्ञान चतुर्वेदी की कथा-दृष्टि में जिंदगी



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

'द मैड हाउस' पागलखाना उपन्यास का अंग्रेजी अनुवाद है। इस उपन्यास को नियोगी बुक्स ने प्रकाशित किया। अंग्रेजी में अनूदित उपन्यसों में इस उपन्यास ने अपनी जगह बना ली है। 'पागलखाना' उपन्यास ज्ञान चतुर्वेदी का प्रसिद्ध उपन्यास है। उदारीकरण के जमाने में बाजार ने जिंदगी को नियंत्रित करने की हुनर सीखने की कोशिश की है; क्या यह 'सीख' जिंदगी को नियंत्रित कर पायेगी। इसी द्वंद्व के साथ पागलखाना उपन्यास की कहानी शुरू होती है। इस कहानी को गति उपकहानियां देती हैं। इस उपन्यास की उपकथाओं ने विश्व साहित्य के सामने एक नयी चुनौती पैदा की है। उन उपकथाओं में चरित्रों को परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया गया है। उन सारी उपकथाओं का मुख्य आधार यही है कि ज्ञान के जरिये परिस्थितियों से बाहर निकलना कठिन है। यदि ज्ञान है या ज्ञानी हो तो फंसे रहो ज्ञान के चकाचौंध में...! दरअसल उपन्यासकार ज्ञान चतुर्वेदी ने नव-उदारीकरण के दौर में भारतीय संस्कृति और मनीषा को पहचानने का प्रयास किया है; जिस संस्कृति और मनीषा को सदियों से इस दुनिया के वर्चस्ववादियों ने सिर्फ उपेक्षित करने का दुष्चक्र किया है। इस दुष्चक्र को तोड़ने की जिद के साथ उपन्यास का आरंभ होता है और अंत भी।

इस उपन्यास में सिर्फ दो चरित्र है-एक बाजार और दूसरा नागरिक। इन दोनों के अंतर्विरोधों को उपस्थित करना सिर्फ उपन्यासकार का ध्येय नहीं है। उपन्यासकार का चित्रण अनोखा है। इस उपन्यास ने एक सवाल को जन्म दिया है कि यदि सबकुछ जब जिंदगी को केंद्र में रखकर रचा जाता है, तब भला इतनी परेशानी क्यों, इतना छल-प्रपंच क्यों, इतनी आर्थिक विषमताएं क्यों... इस तरह के हजारों सवालों को लेकर ज्ञान चतुर्वेदी की सृजनशीलता अपनी यात्रा शुरू करती है। इस यात्रा के दौरान पाठक पूरी दुनिया की 'राम कथा' से परिचित होते हैं, यह सच है कि यही राम कथा इस उपन्यास की मूल चिंता नहीं है। इस उपन्यास की मूल चिंता यही है कि कैंसर मस्तिष्क तक पहुंच गया है। ज्ञान चतुर्वेदी ने इस कैंसर का इलाज करना शुरू किया है, पर क्या कैंसर का इलाज संभव है ? इसलिए की कैंसर रूपी बीमारी इस आधुनिकता की देन है, जिस आधुनिकता ने इस दुनिया पर दो-दो महायुद्धों को थोपा है। उल्लेखनीय है कि विकास के साथ-साथ विनाश की बीमारी भी शुरू होती है। पर आश्चर्य है कि यह दुनिया विकासगाथा सुनती है तथा विनाश-गाथा से मुंह मोड़ती है। हर युग अपने महाभारत और अपनी रामायण से शुरू होता है और लेखकों का स्वप्न सिर्फ पुरस्कार प्राप्त करने तक सीमित रहता है तथा प्रचार इसी प्राप्ति की पहली सीढ़ी होती है। यही वह बिंदु है; जहां सर्जक महान बन जाता है और उसकी सर्जना महानता रूपी सिंदूर को भाल पर सजा लेती है।

और दाल-रोटी के चक्कर में दुनिया जैसे पहले कराहती थी वैसे अब भी कराहती है। विद्वान कहते हैं यही हकीकत है, इसे बदलो, यही बीमारी है और यही इलाज भी। दरअसल बीमारी और इलाज का क्रिकेट मैच शुरू होता है, जिनके पास पैसे हैं, वह उस मैच को देखने के लिए आगे बढ़ते हैं और जिनके पास पैसे नहीं होते, वे मैदान में उपस्थित होने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। कौन डॉक्टर है या कौन मरीज, यह बड़ी बात नहीं है; इसलिए कि दोनों इसी धरती पर धरे के धरे रह जाते हैं। खेल के बाद मैदान से कोई जाकर उदासी का कारण पूछकर देखे-यही एक वास्तविक रोग है। इसी रोग को ज्ञान चतुर्वेदी ने इस उपन्यास में व्यक्त किया है। हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करने का प्रयास पुनर्वसु जोशी ने किया है। हिंदी उपन्यास का यह अंग्रेजी अनुवाद निश्चित रूप से अंग्रेजी पाठकों के ज्ञान का संवर्द्धन करने में कामयाबी हासिल करेगा। ज्ञान का संवर्द्धन भी इस उपन्यास की एक महत्ता आने वाले दिनों में साबित होगी; जहां यह बताया गया है कि जीवन में बाजार से भी ज्यादा कुछ है।

सवाल उठता है कि इस जीवन में बाजार से कुछ 'क्या' है? इस क्या की तलाश ने इस उपन्यास को युग गाथा बना दिया है। इस उपन्यास ने हर कदम पर मानवता के क्षरण को व्यक्त किया है। उपन्यास से गुजरते हुए यही पता चलता है कि चारों तरफ क्षरण ही क्षरण है और इस क्षरण में यदि किसी का सबसे अधिक क्षरण हो रहा है, तो वह मानवता है। लेकिन उपन्यासकार ज्ञान चतुर्वेदी ने यह बताया है कि इस क्षरण के भीतर से सृजन के अंकुर के निशान भी दिखने लगे हैं। कुछ विद्वानों ने ज्ञान चतुर्वेदी की उपन्यास कला को व्यंग्य से अभिहित करने का प्रयास किया तथा इस उपन्यास के कुछ समीक्षकों ने इस पुस्तक की खरीददारी को केंद्र में रखकर लिखने का प्रचारोन्मुखी प्रयास किया है। दरअसल सवाल यह है कि इस उपन्यास को युग धर्म के बदलते निशानों को रेखांकित करने के रूप में समझना जरूरी है।

उल्लेखनीय है कि ज्ञान चतुर्वेदी ने हिंदी कथा साहित्य को अपनी काबीलियत से संवर्द्धित किया। इस संवर्द्धन के दौरान उन्होंने लगातार कई महत्त्वपूर्ण उपन्यास प्रकाशित किए हैं, उनके प्रसिद्ध उपन्यास हैं-प्रेतकथा, दंगे में मुर्गा, खामोश नंगे हमाम में, मरीचिका, बारामासी, नरक यात्रा, अलग, प्रत्यंशा, हम न मरब, पागलखाना, स्वांग। इन उपन्यासों के जरिये ज्ञान चतुर्वेदी ने इस दुनिया को बदलने से पहले समझने का प्रयास किया है। इस समझदारी के दरम्यान ज्ञान चतुर्वेदी ने हिंदी कथा साहित्य के आंगन को निखारते हुए यही बताया है कि हर अनुभव दर्शन नहीं बनता है तथा हर समस्या सदा अमर नहीं रहती है। सच तो यह है कि समस्या अमरत्व पाने के लिए नहीं जन्म लेती है; उसका जन्म होता है छाई बनने के लिए। और जब समस्या छाई बन जाती है, तभी लगता है कि इस जिंदगी में बाजार से भी अधिक कुछ है और जो बाजार के नियंत्रण में फंसता है वह खुद को भूल बैठता है; क्योंकि मनुष्य होता है-मनुष्यत्व की रक्षा करने और उसको बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करना। ज्ञान चतुर्वेदी ने इसी ज्ञान की आंधी को इस उपन्यास में अवलोकित किया है, जिस 'आंधी' को कबीर ने अपने समय में देखा था। इस संदर्भ में इतना बताना जरूरी है कि समय बलवान नहीं होता है दरअसल समय परिवर्तनशील है; वह भी अनंत नहीं है, वह भी सीमित है। वह भी सच के बदले झूठ बोलता है। एक कलाकार ही जाने कि एक समय किस तरह 'समय और समय' पर बदलता है, चाहे उसे कोई पागल कहे, चाहे उसे कोई मूर्ख पर उसकी विद्वता किसी से छिपी नहीं होती है। यही कारण है कि समय की तह तक पहुंचना कठिन हो जाता है।

ज्ञान चतुर्वेदी की रचनात्मक दृष्टि सिर्फ सामाजिक विसंगतियों, राजनीतिक पाखंडों तथा सांस्कृतिक विडंबनाओं तक ही नहीं जाती है बल्कि उनकी रचनात्मक क्षमता ने काल के मुंह में हाथ डाल दिया है; उनके पात्र हिंदी में बोलते हैं। पहली बार विश्व मंच पर किसी के पात्र ने हिंदी में वक्तव्य रखने का प्रयास किया है। यही कारण है कि 'पागलखाना' उपन्यास लेखन की विषय-वस्तु और पात्र-सृजन की दृष्टि से लाजवाब है। उन्होंने चिकित्सा जगत के रहस्यों को तार-तार करते हुए सरकार-तंत्र के निठल्लेपन की असलियत को खोलकर रख दिया है। उनकी शैली कटाक्ष से भरपूर है।

उनके पात्र जीवंत और यथार्थ हैं। उनके इस उपन्यास में सिर्फ दो पात्र हैं। उपन्यास को सिनेमाई जगत से जोड़ने की कोशिश की गई है। इस कोशिश के जरिये ज्ञान चतुर्वेदी ने समाज की पड़ताल की है तथा मानवता के दुश्मनों की सोच पर गहरी चोट की है। उनके कथा अध्ययन में समय की जीवटता की चिंता है। उन्होंने पृष्ठभूमि को सजाने पर ज्यादा जोर नहीं दिया है बल्कि सामाजिक क्षरण को सरलता के साथ उपस्थित किया है। इस 'पागलखाना' उपन्यास में सहजता का सवाल उठाया गया है। नौकरशाही की जटिलता, मानवीय जीवन की कठिनता, डॉक्टरों की सीमाएं, मरीजों के संघर्षों को बड़ी गंभीरता से व्यक्त किया गया है। इस उपन्यास को पढ़ने से ऐसा लगता है कि यह समाज धीरे-धीरे पागलखाना की ओर बढ़ने लगा है बल्कि सच्चाई यही है कि इस दुनिया को पागलखाना बनने से कैसे रोका जाए। एक रचनाकार होने की दृष्टि से ज्ञान चतुर्वेदी ने लगातार लिखने का रास्ता इसलिए अपनाया है कि इस दुनिया को पागल नहीं बनने दिया जायेगा। यही सोच इस उपन्यास में केंद्रीय सोच बन गयी है। एक सोच को गतिशीलता प्रदान करना ज्ञान चतुर्वेदी की सृजनशीलता की उपज है। इस उपज को क्या बाजार में नहीं प्रस्तुत किया जा रहा है; इस सोच का प्रयोग इस उपन्यास में लक्षित होता है। पागलखाना उपन्यास न केवल प्रतीकात्मक उपन्यास है बल्कि यह एक प्रयोगात्मक उपन्यास भी है।

# हेडफोन-गेमिंग से बच्चों के बहरे होने का खतरा



ललित गर्ग

टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये-नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता-पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये-नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्त-ाजनक एवं डरावना है। ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा।



विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित-नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हैडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हैडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बेहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन, लेपटोप, हैडफोन और ईयरफोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप एवं शिक्षकों की नसीहतों एवं हिदायतों पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार भी इसके लिये जागरूक करें। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। मानव जीवन में सुनने की क्षमता का अक्षुण्ण रहना जीवन की परिपूर्णता का परिचायक है। इस सचाई को नहीं नकारा जा सकता कि श्रवण यानी सुनने की क्षमता जीवन को नया आकार देने, मानसिक दरिद्रता का निवारण करने तथा ऊंचे ध्येय की पूर्ति हेतु आगे बढ़ने की सही चाबी है। जैसे दवा रोग नाशक होती है, पर गलत दवा के सेवन से रोग घटने की अपेक्षा अधिक बढ़ जाता है, वैसे ही गलत जीवनशैली, गलत तरीको से जीने, गलत तरीके से सुनने की क्षमता का उपयोग करने, अनियंत्रित शोर-शराबे को सुनने से जीवन में विकृतियां एवं परेशानियां घुस जाती है और अनेक तरह के श्रवण रोगों का हमला होने लगता है। इसलिये सुनने की क्षमता का सम्यक् उपयोग जरूरी है। देखना और सुनना- ये दोनों ही जीवन-विकास एवं ज्ञान-वृद्धि के माध्यम है। पर सुनना अधिक शक्तिशाली साधन है, क्योंकि आंखों में जो दृश्य प्रतिबिम्बित होते हैं, वे तात्कालिक होते हैं। श्रवण-पथ से ही हम ज्ञान के साथ-साथ दीर्घकालिक अनुभवों को आत्मसात कर सकते हैं। इसलिये श्रवण-पथ या सुनने की क्षमता पर हो रहे हमलों को हम गंभीरता से ले अन्यथा सुनने की पंगुता हमारे जीवन का अभिशाप बन सकती है।

–लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3034

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | | | ■ |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 23 |
| | ■ | 24 | | | | ■ | 25 | | |

*बायें से दायें :-* 1) बारी; मौक़ा; घड़ी, 4) बस इतना; ख़ाली, 7) लाचार, 9) सांत्वना, 11) अनुग्रह, 12) नमूना; आकृति का आभास, 14) याद न रखना, 15) अभ्यास; दक्षता, 16) पृथ्वी, 17) क्षण, 18) विजय, 19) अपरिवर्तनीय, 20) कुचली हुई वस्तु, 21) अविराम, 22) चौराहा, 24) अज्ञानी; व्यवहार अकुशल, 25) संख्या.

*ऊपर से नीचे :-* 1) राजस्थान का एक प्रमुख शहर, 2) कुरुक्षेत्र (महाभारत), 3) धूल, 4) मलयालम प्रदेश, 5) बुरी आदत, 6) शेर की मौसी, 8) समझना, 10) मामूली, 13) सरोज, 16) गलती, 17) मल्ल, 18) चटपटा उपाहार, 19) स्थान चिन्ह; पहेली संकेत; सुझाव; हवाला, 20) भरवाँ पूरी, 23) मुँदा; आम हड़ताल.
*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ■ | स | या | ना | ■ | ब | च्चा | दा | नी |
| रा | ■ | ड़ | ■ | ना | ख़ू | न | ■ | य | ति |
| रो | च | क | ता | ■ | ब | वा | सी | र | ■ |
| रा | ■ | ■ | ज़ | च्चा | ■ | री | ता | ■ | क |
| र | वा | न | गी | ■ | ध्या | ■ | फ | फो | ला |
| ■ | कि | ■ | ■ | आ | ज | क | ल | ■ | पू |
| द | या | सा | ग | र | ■ | सू | ■ | क | र्ण |
| र | ■ | धा | ■ | ती | मा | र | दा | री | ■ |
| बा | ब | र | ची | ■ | नी | ■ | ब | ब | र |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2994

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | | | | | | |
| | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 5 | | | | | | |
| | 4 | | 7 | | | 1 | | |
| 6 | | | | | | 2 | | 4 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 3 | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | 2 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2993 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 | 4 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 7 |

# व्हाट्सएप डीपी फर्जीवाड़े से 50 लाख की ठगी, लगभग 25 लाख नगद बरामद

❑ छह आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस ने एक संगठित ठगी के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने व्हाट्सएप डीपी और पहचान की जालसाजी के जरिए 50 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया।

घटना की शुरुआत 1 मार्च 2025 को हुई, जब अज्ञात आरोपियों ने सेंचुरी प्लाई कंपनी के मालिक भजनका के नाम से फर्जी व्हाट्सएप डीपी बनाकर कोलकाता के डॉ. आर.के. अग्रवाल से संपर्क किया। आरोपियों ने उन्हें विश्वास में लेकर वित्तीय सहायता मांगी। डॉ. अग्रवाल ने इस अनुरोध की जानकारी विजय



कुमार भांतिया को दी, जो शिकायतकर्ता अंकित भांतिया के पिता हैं। इसके बाद, विजय कुमार भांतिया के प्रतिनिधियों ने 50 लाख रुपये की नकद राशि एकत्र की और दो अज्ञात व्यक्तियों को सौंप दी, जो खुद को भजनका का प्रतिनिधि बता रहे थे। बाद में जब ठगी का खुलासा हुआ, तो पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पार्क स्ट्रीट थाना में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से आरोपियों की पहचान की गई।

13 मार्च 2025 को नालासोपारा, मुंबई से तीन आरोपियों – वकाब मोहम्मद जावेद चांदीवाला (28), रियाज रज़ी सैयद (36) और सचिन मनोहर प्रसाद (32) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक लगेज बैग, एक बैकपैक, घटना के दिन पहने गए कपड़े, तीन मोबाइल फोन और पांच प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड बरामद किए गए।

14 मार्च को कोलकाता से चौथे आरोपी पवन शॉ उर्फ स्वीट (36) को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और तिरुपति कूरियर सर्विस का एक लिफाफा मिला, जिससे इन सिम कार्ड्स की सप्लाई हुई थी।

15 मार्च को 7, पोलॉक स्ट्रीट, कोलकाता से दो और आरोपियों – महेंद्र पाल सिंह (39) और चेतन सिंह दहिया (40) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 24,90,440 रुपये नकद, मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड, दो चेकबुक (एसबीआई और फेडरल बैंक) और एक मनी काउंटिंग मशीन बरामद की गई।

पुलिस जांच अभी जारी है और ठगी के इस गिरोह से जुड़े अन्य पहलुओं की गहराई से छानबीन की जा रही है।

# कोलकाता नगर निगम ने पर्यावरण की रक्षा के लिए उठाया सख्त कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में हरियाली धीरे-धीरे कम होती जा रही है। निर्माण कार्यों के लिए कई स्थानों पर बड़े पेड़ों को काटा जा रहा है। नियमानुसार पेड़ काटने पर उसके बदले कई पौधे लगाए जाने चाहिए। जबकि, निर्माण कार्य के बाद, अधिकांश मामलों में वृक्षारोपण में नकारात्मक भूमिका देखी जा रही है। इसे देखते हुए कोलकाता नगर निगम ने पर्यावरण की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाया है। अब निर्माण कार्य करवाने वाले बिल्डरों को पेड़ों को काटने के बदले में नए पौधे लगाने का वादा करना होगा। निर्माण पूरा होने के बाद सभी पौधे रोपे गए हैं या नहीं, इसकी जांच के बाद ही सीसी या पूर्णता प्रमाण पत्र




जारी किया जाएगा। कोलकाता नगर निगम ने इस नए प्रस्ताव पर राज्य वन विभाग के साथ भी चर्चा की है। वन विभाग के नियमों के अनुसार, यदि किसी भूमि पर निर्माण कार्य के लिए कोई बड़ा पेड़ काटा जाता है तो उसके स्थान पर पांच पौधे लगाने होंगे। ज्यादातर मामलों में कोलकाता नगर निगम अधिकारियों को नगर निगम या वन विभाग की अनुमति के बिना पेड़ों को काटे जाने का पता चला है। देखा गया है कि कई मामलों में, एक निश्चित संख्या में पौधे लगाने के वादे के साथ निर्माण की अनुमति प्राप्त करने के बावजूद, कई लोग अपने वादे पूरे नहीं कर रहे हैं। कोलकाता नगर निगम के एक अधिकारी के अनुसार, केएमसी इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों और वन विभाग की अनुमति एक साथ एक खिड़की प्रणाली (वन विंडो प्रोसेस) में प्राप्त करने पर विचार कर रहा है। यदि यह प्रणाली ऑनलाइन शुरू की जाती है, तो दोनों पक्षों के लिए इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करना आसान होगा।

## राणाघाट में नदी में मिला साहूकार का शव, परिवार को दो कर्जदारों पर शक

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में एक साहूकार का शव नदी से बरामद किया है। एक अधिकारी ने बताया कि उसके परिवार ने दो कर्जदारों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिवार के आरोपों के आधार पर हत्या की जांच शुरू कर दी है और फिलहाल इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। मृतक की पहचान नासुराम बिस्वास (58) के रूप में हुई है जिसका शव शनिवार की दोपहर राणाघाट जिले के ताहेरपुर थाना क्षेत्र में चूर्णी नदी से बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक सनी राज ने बताया कि शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हमने आरोपों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बिस्वास के परिवार ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले बिस्वास से भारी रकम कर्ज लेने वाले दो लोगों ने कर्ज चुकाने से बचने के लिए उसकी हत्या कर दी और शव को नदी में फेंक दिया।

# आज फुरफुरा शरीफ में मुख्यमंत्री ममता पीरजादा त्वाहा सिद्दीकी के साथ करेंगी बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को हुगली जिले के फुरफुरा शरीफ जाएंगी। वहां वे फुरफुरा शरीफ के पीरजादा त्वाहा सिद्दीकी के साथ बैठक करेंगी। संभावना है कि फुरफुरा के विकास पर भी चर्चा की जाएगी। दरअसल, आईएसएफ के विधायक नौशाद सिद्दीकी पिछले सोमवार को क्षेत्र में काम को लेकर आ रही समस्याओं से अवगत कराने के लिए नवान्न में मुख्यमंत्री से मिलने गए थे। इसी उद्देश्य से एक सप्ताह बाद फुरफुरा शरीफ मुख्यमंत्री जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, आज दोपहर में मुख्यमंत्री फुरफुरा शरीफ के लिए रवाना होंगी। नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शाम करीब 5 बजे फुरफुरा



शरीफ पहुंचेगी। वहां वे रमजान के महीने में पवित्र दरगाह की यात्रा करेंगी। राज्य सरकार ने फुरफुरा शरीफ में चरणबद्ध तरीके से कई विकास कार्य शुरू किए हैं। मुख्यमंत्री वहां जाकर प्रगति की समीक्षा करेंगी। मुख्यमंत्री के दौरे के लिए वहां तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

# जोड़ासांको में मरम्मत के दौरान ढहा सौ साल पुराना मकान, एक घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के जोड़ासांको स्थित मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट इलाके में रविवार को एक मकान धराशायी हो गया जब उसकी मरम्मत की जा रही है। कोलकाता पुलिस के आपदा प्रबंधन विभाग के सूत्रों के अनुसार, इस पुराने मकान का कई दिनों से मरम्मत का काम चल रहा था। इस दिन, दोपहर में अचानक उसका अगला हिस्सा धमाके के साथ ढह गया। इस घटना में एक श्रमिक घायल हो गया। उसे बचा लिया गया और स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि, कोलकाता पुलिस ने बताया है कि मलबे में कोई फंसा नहीं है। सूत्रों के अनुसार, एक संकरी गली में स्थित एक बहुत पुराने चार मंजिला मकान का नवीनीकरण का काम चल रहा था। घर खाली था। मरम्मत के दौरान अचानक मकान का अगला हिस्सा गिर गया। इस बीच, मजदूर मलवे में फंस गया था। आनन-फानन में उसे बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे छोड़ दिया गया। मकान गिरने की खबर मिलते ही जोड़ासांको थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। साथ ही, आपदा प्रतिक्रिया बल, अग्निशमन कर्मी और सीईएससी कार्यालय के कर्मचारी भी



पहुंच गए हैं। हालांकि, आपदा प्रबंधन टीम ने बताया है कि घर के अंदर कोई फंसा नहीं है।

# 9 वर्षीय बच्चे के अपहरण का मामला: पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, बच्चा बरामद

**कोलकाता :** पार्क स्ट्रीट थाना क्षेत्र में 9 वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस केस की जांच के दौरान विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर एक महिला परवीन बीबी (42) को 14 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे 7 गोविंदा खोटिक लेन, कोलकाता-46 से गिरफ्तार किया। परवीन बीबी, मोहम्मद राज की पत्नी है और नारकेलडांगा थाना क्षेत्र के 14 गैस कंपनी, कालधर, झुपड़ी पट्टी की निवासी है।

गिरफ्तारी के बाद परवीन बीबी से गहन पूछताछ की गई, जिसके बाद उसके बयान के आधार पर पुलिस 7 मियांजान लेन, कोलकाता-46 पहुंची। वहां से लापता बच्चे को



राजेश सिंह (48) और उसकी पत्नी ब्यूटी सिंह (38) के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया गया। राजेश सिंह और ब्यूटी सिंह, दोनों 7 मियांजान लेन के निवासी हैं।

पुलिस ने पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पार्क स्ट्रीट थाना में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अपहरण के पीछे कोई संगठित गिरोह तो नहीं है।

# मुख्यमंत्री के ग्रीवांस सेल में प्रशासनिक फेरबदल, राहुल मजूमदार को मिली नई जिम्मेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सचिवालय नवान्न ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ग्रिवांस सेल में प्रशासनिक फेरबदल किया है। गुरुवार को कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से जारी दो अलग-अलग आदेशों के माध्यम से यह जानकारी दी गई। अब तक इस विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे आईएएस अधिकारी दीपंकर मंडल को परिवहन विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि उनकी जगह अब राहुल मजूमदार को मुख्यमंत्री के ग्रिवांस सेल का नया प्रभारी बनाया गया है। राहुल मजूमदार को न केवल



मुख्यमंत्री के ग्रिवांस सेल की जिम्मेदारी सौंपी गई है, बल्कि उनके पास मुख्यमंत्री के अधीनस्थ योजना कार्यान्वयन विभाग की भी देखरेख का दायित्व रहेगा। यह वही विभाग है जो 'सीधे मुख्यमंत्री' हेल्पलाइन के माध्यम से जनता की शिकायतों का निपटारा करता है। इस हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों को ग्रिवांस सेल के प्रभारी अधिकारी द्वारा देखा जाता है और उनके समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है। बता दें कि अगले वर्ष राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री के ग्रीवांस सेल की कार्यप्रणाली को और तेज और प्रभावी बनाने की कोशिश की जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस विभाग की कार्यक्षमता को और बढ़ाया जाएगा, ताकि जनता की समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती से दुष्कर्म, आरोपी रिश्तेदार गिरफ्तार

**कोलकाता :** हाटिशाला थाना क्षेत्र के कुलबेड़िया गांव में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ 27 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी कोई और नहीं, बल्कि पीड़िता का दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 16 मार्च की सुबह करीब 10 बजे की है। गांव की 40 वर्षीय एक महिला अपनी बेटी और बेटे के साथ ईद की खरीदारी के लिए घर से निकली थी, जबकि उसकी मानसिक रूप से अस्वस्थ बड़ी बेटी घर में अकेली थी। करीब 11 बजे महिला को उसके दामाद से जानकारी मिली कि उसके रिश्तेदार मोनीरुल मोल्ला ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है।

घटना की जानकारी मिलते ही महिला ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पीड़िता को जांच के लिए जीरंगाचा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर सकील अहमद की मौजूदगी में उसका मेडिकल परीक्षण किया गया। चूंकि पीड़िता मानसिक रूप से अस्वस्थ है, इसलिए उसकी मां का बयान दर्ज किया गया।

इस मामले में हाटिशाला थाना पुलिस ने मोनीरुल मोल्ला (26) के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद इलाके में रोष है और स्थानीय लोग आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

# बेहाला के हाई स्कूल में चोरी, घटना में परिचित व्यक्ति के शामिल होने की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बेहाला स्थित बाणीतीर्थ हाई स्कूल में चोरी का मामला सामने आया है। प्रधान शिक्षिका के कमरे से 10 हजार रुपये गायब हो गए हैं। आरोप है कि कोलैप्सिबल गेट की ताला तोड़कर अपराधियों ने आलमारी तोड़ी और पैसे चुराए। प्रधान शिक्षिका ने इस घटना में किसी परिचित व्यक्ति के शामिल होने की आशंका जताई है। पर्णश्री थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्कूल प्रशासन के अनुसार, गुरुवार से स्कूल में छुट्टी थी। शुक्रवार सुबह केयरटेकर ने स्कूल के गेट की ताला टूटा हुआ देखा और तुरंत प्रधान शिक्षिका शर्मिष्ठा चक्रवर्ती को सूचित किया। स्कूल में कुल सात आलमारी थीं,



जिनमें से सभी को उलट-पुलट कर दिया गया था। इनमें से प्रधान शिक्षिका के कमरे की एक आलमारी का लॉकर तोड़कर लगभग 10 हजार रुपये चुराए गए थे। प्रधान शिक्षिका ने आशंका जताई कि इस घटना में शामिल लोग स्कूल के नक्शे से परिचित थे। अपराधियों को यह जानकारी थी कि किस कमरे में कौन सा जरूरी सामान रखा है। इस प्रकार क्या केवल पैसे चुराने का उद्देश्य था या फिर अपराधियों का कुछ और मकसद था, यह सवाल अब उठ रहा है। घटना के बाद से स्कूल की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं और प्रधान शिक्षिका छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पैसों के बदले नौकरी देने का आरोप, भाजपा नेता शांतनु ठाकुर के करीबी लक्ष्मण घोष गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2026 के चुनावों से पहले राज्य भाजपा में एक बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। भाजपा के बंगाल के बनगांव संगठन जिले के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण घोष पर आरोप है कि उन्होंने नौकरी देने के नाम पर पैसे लेकर लोगों से ठगी की है। इस आरोप के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। लक्ष्मण घोष भाजपा के मंत्री शांतनु ठाकुर और बनगांव संगठन के जिला अध्यक्ष देवदास मंडल के करीबी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें वह इन नेताओं के साथ दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि लक्ष्मण घोष ने नौकरी देने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने इस आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोलकाता के हो-ची-मिन्ह सरणी में रसोई में लगी आग, दंपति गंभीर रूप से झुलसे

**कोलकाता :** परनश्री थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह करीब 10:50 बजे एक मकान की रसोई में आग लगने से पति-पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना 27उ, हो-ची-मिन्ह सरणी, कोलकाता-61 में स्थित एक दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर हुई। आग स्थानीय लोगों द्वारा बुझा दी गई, लेकिन इससे पहले ही दोनों झुलस चुके थे।

इस घटना में 28 वर्षीय शुभंकर सरदार और उनकी 24 वर्षीय पत्नी प्रियंका प्रमाणिक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रियंका प्रमाणिक खाना बनाते समय आग की चपेट में आ गईं, जो संभवतः मिट्टी के तेल के चूल्हे से लगी थी। अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश में शुभंकर सरदार भी गंभीर रूप से जल गए।

घटना के तुरंत बाद दोनों को एम. आर. बंगुर अस्पताल ले जाया गया,



जहां प्रियंका को बर्न वार्ड के बेड नंबर 5 में भर्ती किया गया, जबकि शुभंकर को बेड नंबर 21-, केबिन नंबर 1 में रखा गया है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों को गंभीर जलन हुई है और उनका इलाज जारी है।

इस आग से हुए नुकसान की सीमा अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। परनश्री थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

# 2026 चुनाव से पहले बंगाल भाजपा ने भी राजनीतिक विश्लेषक संस्था से किया संपर्क

**❑ चुनाव से पहले अपनी जमीन मजबूत करने के लिए पार्टी ने तृणमूल की तरह राजनीतिक सलाहकार संस्था की शुरू की तलाश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले अपनी जमीन मजबूत करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की तरह राजनीतिक विश्लेषक (सलाहकार) संस्था से संपर्क किया है। बता दें कि तृणमूल 2019 के लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से ही प्रमुख राजनीतिक सलाहकार संस्था आई-पैक की मदद ले रही है। उसी तरह अब 2026 के विधानसभा चुनाव में बंगाल जीतने के लक्ष्य के साथ भाजपा एक विशेषज्ञ राजनीतिक सलाहकार संस्था की तलाश कर रही है। नेताओं ने पहले ही पार्टी के जमीनी स्तर के लोगों को विश्लेषक एजेंसी के साथ मिलकर काम करने का निर्देश देना शुरू कर दिया है। हालांकि किस संस्था से संपर्क किया गया है अथवा बातचीत चल रही है, पार्टी के कोई भी नेता सार्वजनिक रूप से इस बारे में फिलहाल कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। बताते चलें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सबको चौंकाते हुए बंगाल में 42 में से 18 सीटें जीत ली थी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 34 सीटों से घटकर 22 पर आ गई थी। मई 2019 में लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पार्टी ने प्रशांत किशोर से संपर्क किया था और जून से ही उनकी राजनीतिक सलाहकार संस्था ने तृणमूल के लिए काम करना शुरू कर दिया था। आई-पैक के दो साल की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप सत्ता विरोधी लहर के बावजूद ममता लगातार 2021 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के साथ लगातार तीसरी बार राज्य की सत्ता में लौटीं। हालांकि, प्रशांत किशोर अब आई-पैक में नहीं हैं। उनके स्थान पर प्रतीक जैन संगठन के प्रभारी हैं। फिलहाल जैन के अधीनस्थ आई-पैक ने तृणमूल को 2024 का लोकसभा चुनाव जीताने में भी मदद की। इसको देखते हुए अब विधानसभा चुनाव से एक साल पहले भाजपा ने बंगाल में अपनी जमीन मजबूत करने के लिए एक विशेषज्ञ सलाहकार संस्था की तलाश शुरू की है।

# शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार में अब शिक्षकों से पूछताछ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार में अब सीबीआई ने कार्यरत शिक्षकों को कार्यालय बुलाकर पूछताछ शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय जांच एजेंसी ने प्राथमिक शिक्षा बोर्ड को 107 शिक्षकों की सूची भेजी थी और उन्हें पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इन सूचीबद्ध शिक्षकों के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने को लेकर संशय बना हुआ है। ऐसे में उनकी नौकरी की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं। सूची में शामिल करीब 40 शिक्षकों से पूछताछ हो चुकी है। बाकी शिक्षकों से कल सोमवार से पूछताछ शुरू होगी। जांचकर्ताओं ने 24 मार्च तक पूछताछ का चरण पूरा करने का लक्ष्य रखा है। वहीं, दूसरी ओर, इस




भ्रष्टाचार मामले में गवाह बनना चाह रहे आरोपित व पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य का गुप्त बयान अगले सप्ताह दर्ज होने की संभावना है। ईडी का दावा है कि कल्याणमय ने पार्थ चटर्जी से जमीन खरीदने के लिए कई करोड़ रुपये नकद लिए थे। जांच एजेंसी के पास कल्याणमय का लिखित बयान है, जिसमें कहा गया है कि उन्होंने सबकुछ अपने ससुर के निर्देशानुसार किया।

## राज्य के पश्चिमी जिलों में लू चलने और गंगा क्षेत्र में बारिश की संभावना : आईएमडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पश्चिमी जिलों में मंगलवार तक लू चलने तथा राज्य के गांगेय क्षेत्र में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्रों के शेष जिलों में मंगलवार तक दिन के दौरान गर्मी रहेगी। उसने बताया कि पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्रों के सभी जिलों में 20 मार्च से हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, पुरुलिया, बांकुड़ा और पश्चिम बर्दवान के पश्चिमी जिलों में मंगलवार तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।



मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, कोलकाता में न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.9 डिग्री अधिक है जबकि अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस अवधि के दौरान औसत दैनिक तापमान के आसपास है।

# भाजपा ने बंगाल में अगले प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए की संगठनात्मक बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने रविवार को कहा कि भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव से पहले यहां संगठनात्मक बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी मिलने के बाद शुरू होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मजूमदार ने कहा कि बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। संगठनात्मक बैठक के बाद मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय नेतृत्व से निर्देश मिलने के बाद भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अगले अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 29 मार्च को



कोलकाता पहुंचने और अगले दिन संगठन के कार्यक्रमों में शामिल होने की संभावना है। मजूमदार ने कहा कि पार्टी की राज्य इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व को सूचित किया है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के 25 संगठनात्मक जिलों के चुनाव पहले ही हो चुके हैं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने 25 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों के नाम जारी किए हैं, जिनमें से 17 नए चेहरे हैं। राज्य में पार्टी के 43 संगठनात्मक जिले हैं।



# उच्च माध्यमिक परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कांड: पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**कोलकाता :** उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद की शिकायत के आधार पर विधाननगर साइबर क्राइम थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक श्रीमंत गड़ाई (19 वर्ष) है, जो पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर का निवासी है। पुलिस की लंबी पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि इस काम में उसका सहयोगी अल्फाज शेख भी शामिल था, जो उसे प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड उपलब्ध कराता था।

तफ्तीश के दौरान पुलिस ने मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा से अल्फाज शेख (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 2,500 से अधिक प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 65 कीपैड मोबाइल फोन और 9 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया के जरिए परीक्षार्थियों के बीच भ्रम फैलाने और शिक्षा परिषद तथा राज्य सरकार की छवि खराब करने के लिए एक फर्जी वीडियो प्रसारित किया गया था। इस वीडियो के आधार पर परिषद ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला है कि ये आरोपी सिर्फ उच्च माध्यमिक परीक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य परीक्षाओं के भी फर्जी प्रश्नपत्र तैयार करने में संलिप्त थे। पुलिस को संदेह है कि इस मामले के पीछे एक बड़ा गिरोह काम कर रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि 7 मार्च को विधाननगर साइबर क्राइम थाने में उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी। परिषद ने दावा किया था कि सोशल मीडिया पर परीक्षा से जुड़ी फर्जी खबरें फैलाई जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुमराह किया जा रहा है। इस मामले में पहले अनुभव माईती नामक युवक पर आरोप लगाया गया था, लेकिन परिषद का स्पष्ट कहना था कि भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) का प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ था।

परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले कस्टोडियन के कार्यालय में सुरक्षित थे और 7 मार्च को परीक्षा शुरू होने से पहले तक उनकी सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई थी। परीक्षा भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जांच के दौरान पुलिस ने इन दोनों आरोपियों की संलिप्तता उजागर की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# वेतन न मिलने से 100 दिन के कर्मचारियों की स्थिति चिंताजनक, होली से पहले भी नहीं मिला बकाया




**कोलकाता, समाज्ञा :** नगर निगम में लगभग 14,500 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से 100 दिन के कर्मचारियों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। होली से पहले भी इन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया है। नगर निगम कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि ये कर्मचारी लगभग ढाई महीने से वेतन से वंचित हैं। उनका आरोप है कि राज्य से पैसा न मिलने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। हालांकि, होली से पहले इन कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान करने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह संभव नहीं हो सका। नगरपालिका के संबंधित विभाग के मेयर पार्षद असीम बसु ने कहा, आगामी सप्ताह के मंगलवार या बुधवार तक 100 दिन के कर्मचारी अपने बकाया वेतन प्राप्त कर सकते हैं, ऐसी उम्मीद है। हालांकि, इस बारे में मैं पूरी तरह से सुनिश्चित होकर कुछ नहीं कह सकता।

सूत्रों के अनुसार, 100 दिन के कर्मचारियों को महीने में लगभग 6,500 रुपये वेतन मिलता है। नगरपालिका में लगभग 14,500 ऐसे कर्मचारी हैं, जिनके वेतन पर नगरपालिका को 8 से 9 करोड़ रुपये का खर्च आता है। एक अधिकारी ने बताया कि यह पैसा राज्य सरकार से आता है, और जैसे ही यह राशि प्राप्त होती है, नगरपालिका कर्मचारियों के बीच इसका वितरण किया जाता है। 100 दिन के कर्मचारी शहर की सफाई से लेकर नागरिकों तक विभिन्न सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगरपालिका अधिकारियों का एक बड़ा हिस्सा इस बात को लेकर चिंतित है कि अगर इन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलता और वे काम में लापरवाही बरतते हैं, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव नगरपालिका सेवाओं पर पड़ सकता है।

## बांकुड़ा में सड़क किनारे दो युवकों के शव मिलने से मचा हड़कंप

**बांकुड़ा :** जिले के गंगाजलघाटी इलाके में सड़क किनारे से दो युवकों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतकों के नाम देबाशीष मंडल (22) और बप्पा माझी (25) हैं। बांकुड़ा के सालतोड़ा थाना अंतर्गत कांटाबैद गांव के निवासी दोनों युवक जिले से बाहर काम करते थे। वे हाल ही में हरिनाम संकीर्तन के लिए गांव लौटे थे। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात करीब 10.30 बजे दोनों दोस्त बाइक पर निकले। देर रात तक दोनों घर वापस नहीं लौटे। रविवार की सुबह उनके शव बरामद किये गये। इ दिन, सुबह में शालबेड़िया गांव में स्थानीय निवासियों टहलने निकले लोगों ने सड़क किनारे ईंटों के ढेर के पास दो युवकों के शव पड़े देखा। पास में ही एक बाइक मिली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर अमरकानन ग्रामीण अस्पताल भेज दिया।

## किसान का रक्तरंजित शव मिलने से मचा हड़कंप, जमीन विवाद के कारण हत्या का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के भांगड में एक किसान का रक्तरंजित शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बाबलू मोल्ला के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद के कारण बाबलू की हत्या की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक का घर भांगड़ के 2 नंबर ब्लॉक के पोलरहाट थाना क्षेत्र के पाइकान इलाके में था। शनिवार को वह अपने खेत में किसी काम से गया था। रात हो जाने के बावजूद वह घर नहीं लौटा। शनिवार रात को ही खेत में खून से लथपथ उसका शव मिला। किसान के शरीर के कई हिस्सों में धारदार हथियार से हमले के निशान हैं। बताया जा



रहा है कि किसान के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से एक व्यक्ति के साथ विवाद चल रहा था। इस कारण मृतक के परिजनों ने किसान की हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भूमिहार एकता मंच पश्चिम बंगाल का होली मिलन समारोह आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा :** भूमिहार एकता मंच पश्चिम बंगाल की ओर से मंच के प्रधान कार्यालय आंदोलन आश्रम लिलुआ में होली मिलन समारोह का आयोजन मंच के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में किया गया, जबकि संचालन मंच के प्रधान महासचिव रवींद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मंच के संयोजक जितेंद्र नाथ राय, उप संयोजक संजय कुमार ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा, श्रीकांत शर्मा, मनोज कुमार राय, शैलेश सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया एवं होली की शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में समाजसेवी मनोज कुमार पांडे, भीम पांडे, मंच के संरक्षक वीरेंद्र शर्मा, अशोक ओझा, विनोद कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, राजेंद्र राय, संदीप सिंह, दीपक सिंह, दक्षिण हावड़ा शाखा के अध्यक्ष सूरजकांत सिंह,



कोननगर शाखा के अध्यक्ष कुमार सिंह, उत्तर हावड़ा शाखा के अध्यक्ष रामनिवास राय, जितेंद्र सिंह उर्फ बबलू, रविंद्र कुंवर, उमेश राय, शंभू सिंह, प्राइड के अध्यक्ष साहिल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष देवचंद शाह, आशीष शाह, आशुतोष सिंह, आदर्श युवा शक्ति के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, महासचिव सरोज ठाकुर, रोहित मिश्रा, सर्व शक्ति युवा मंच के अध्यक्ष राजकुमार शाह, महासचिव अजय मिश्रा, प्रद्युम्न सिंह, मंजय राय, ऋषि राय, मुन्ना सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिजीत कुमार मिश्रा, झूलन प्रसाद, संगम सिंह, प्रीतम सिंह, स्वप्न दास, अनिकेत मिश्रा, अजीत ने मुख्य भूमिका निभाई।

## शरद सदन में प्रात:कालीन भ्रमणकारियों ने मनाया होली मिलन समारोह



**हावड़ा, समाज्ञा :** शरद सदन में प्रतिदिन प्रातःकालीन भ्रमण करने वाले नागरिकों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस शुभ आयोजन में हावड़ा मैदान के आस-पास रहने वाले निवासियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। ठंडाई और अल्पाहार का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर अवधेश वर्मा, सचिन शर्मा, हृषिकेश चौधरी, चिंतन उपाध्याय, शत्रुघ्न वर्मा, कन्हैया वर्मा, कमलेश दुबे, राजेश्वर सिंह, मोती चौधरी, लक्ष्मी चौधरी, महादेव साव, बापी घोष, तारकेश्वर वर्मा, सुब्रत दास, भगत और विनोद चौधरी शामिल हुए।

# नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 54 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की

**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने लायन्स क्लब ऑफ कलकत्ता मेगासिटी के सहयोग से सेवा शिविर में 54 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की। समारोह में लायन विजय जोधानी (डी जी), उद्घाटनकर्ता राहुल मोदी, प्रमुख वक्ता आनन्द सिंह, लायन सुशील खेतान, लायन्स क्लब मेगासिटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव सौरभ नोपानी, कुशल भुवानिया, अशोक दुजारी का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकास चन्द चांडक, आलोक दमानी, अविनाश गुप्ता, विकास जयसवाल, गोवर्धन मूंधड़ा, बिमल बालासिया एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। अतिथियों ने संघ के अध्यक्ष कुंजबिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन में सेवा




कार्य की सराहना की। लायन विजय जोधानी ने स्कूल - कॉलेज में छात्र - छात्राओं के नेत्र परीक्षण पर जोर देते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। नागरिक स्वास्थ्य संघ ने अब तक तकरीबन 83 हजार नागरिकों के नेत्र में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर नेत्र चिकित्सा में विशिष्ट स्थान हासिल किया है। लायन रोशन ड्रोलिया, चेतन जैन, लोकनाथ डोकानिया, मनोज खेरिया, संजय अग्रवाल, नवीन झाझरिया, प्रदीप मोदी, पंकज कुमार, संजय प्रसाद, शंकरलाल सोमानी, संजय सांगानेरिया, गणेश प्रसाद लाखोटिया, मधुसूदन सफ्फड़ एवम् कार्यकर्ताओं का सक्रिय सहयोग रहा।

# नलहाटी में गैस टैंकर पलटने से हड़कंप, इलाके में दहशत

**बीरभूम, समाज्ञा**

बीरभूम-मुर्शिदाबाद सीमा के नोयापाड़ा गांव के पास शनिवार की रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब हिंदुस्तान पेट्रोलियम का गैस से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर से गैस रिसाव शुरू होते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। एहतियातन प्रशासन ने इलाके की बिजली आपूर्ति काट दी और यातायात रोक दिया। हादसा तब हुआ जब टैंकर पानागढ़ से बाद-शाही रोड होते हुए मुर्शिदाबाद की ओर जा रहा था। अचानक चालक का नियंत्रण खो गया, और भारी वाहन सड़क किनारे पलट गया। टैंकर से गैस लीक होने के कारण स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया गया, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों ने मोर्चा संभाला। नलहाटी थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा।

इस घटना की जानकारी पनागर गैस बॉटलिंग सेंटर को दी गई, जिसके बाद विशेषज्ञों की टीम ने मौके पर पहुंचकर गैस रिसाव को रोकने और टैंकर को हटाने की प्रक्रिया शुरू की। राहत कार्य अभी जारी है, और प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

## शाओमी इंडिया ने लॉन्च की नई शाओमी 15 सीरीज, प्री-बुकिंग पर मिलेंगे एक्सक्लूसिव ऑफर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी इंडिया ने अपनी नई शाओमी 15 सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शाओमी 15 और शाओमी 15 अल्ट्रा स्मार्टफोन शामिल हैं। इस सीरीज में सबसे एडवांस्ड कैमरा स्मार्टफोन के साथ-साथ कई नए फीचर्स भी उपलब्ध हैं। शाओमी 15 अल्ट्रा की प्री-बुकिंग 19 मार्च से शुरू होगी और 18 मार्च को दोपहर 12 बजे से उपभोक्ता एमआई.कॉम पर 'द इनर सर्कल सेल' के जरिए इसे अर्ली एक्सेस में खरीद सकते हैं। शाओमी 15 अल्ट्रा की प्री-बुकिंग पर 21,999 रुपये तक के फायदे मिलेंगे। वहीं, शाओमी 15 की प्री-बुकिंग पर 10,999 रुपये तक के लाभ मिलेंगे, जिसमें शाओमी केयर प्लान भी शामिल है। शाओमी 15 सीरीज का यह नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन लीसिया सुम्मीलक्स ऑप्टिकल लेंस और स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित है। शाओमी 15 की शुरुआती कीमत 64,999 और शाओमी 15 अल्ट्रा की कीमत 1,09,999 होगी। यह सीरीज 3 अप्रैल, 2025 से एमआई.कॉम, अमेजन.इन और अधिकृत रिटेल स्टोर पर उपलब्ध होगी।

## पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने आईएसपीईसी 2025 में सैफायरइंगोट्स, वेफर्स और 6जी टेलीकॉम डाई किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** चेन्नई स्थित भारत की प्रमुख ऑप्टिकल-सेमीकंडक्टर कंपनी, पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने गुजरात के महात्मा मंदिर, कन्वेंशन एंड एक्जिबिशन सेंटर में आईएसपीईसी 2025 में अपने नवीनतम उत्पादों का लॉन्च किया। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र राजनिकांत पटेल ने पॉलीमेटेक के सीईओ ईश्वर राव नंदम और ईसीएम ग्रीनटेक के जनरल मैनेजर अनीस जौइनी के साथ इन उत्पादों का उद्घाटन किया। पॉलीमेटेक ने सेमीकंडक्टर उद्योग में सैफायरइंगोट्स, सैफायरवेफर्स और 6जी टेलीकॉम डाई पेश किए। ये उत्पाद अपनी उत्कृष्ट यांत्रिक शक्ति, तापीय चालकता और विद्युत इन्सुलेशन के कारण अर्धचालक उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 6जी टेलीकॉम डाई उच्च-आवृत्ति संचार और तेज डेटा ट्रांसफर के लिए डिजाइन किया गया है। पॉलिमेटेक के सीईओ ने कहा कि उनका उद्देश्य भारत को सेमीकंडक्टर उद्योग में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना है।

## दक्षिण-पूर्व रेलवे पर रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा डिवीजन में रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम किया जाएगा। यह कार्य 17 मार्च से 23 मार्च तक चलेगा। जिस कारण ट्रेनों के संचालन में कई बदलाव किए गए हैं। इस दौरान 17 मार्च से 23 मार्च तक चलने वाली 68046/68045 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू पैसेंजर और 17, 19 और 22 मार्च को 63594/63593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू पैसेंजर को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, 68056 टाटा-आसनसोल मेमू पैसेंजर को आद्रा पर 17 मार्च, 18 मार्च, 19 मार्च और 22 मार्च को शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और 68060 आसनसोल-बराभूम मेमू पैसेंजर को आद्रा से 17 मार्च, 18 मार्च, 19 मार्च और 22 मार्च को शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इसके साथ ही, 13503/13504 वर्दवान-हाटिया-वर्दवान मेमू एक्सप्रेस 17 मार्च, 20 मार्च और 22 मार्च को गोमो से शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।

# बीआर सिंह अस्पताल में जटिल एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक संपन्न

**कोलकाता :** पूर्वी रेलवे के बीआर सिंह अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर में एक टीम ने चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। अस्पताल के विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञों ने 56 वर्षीय एक मरीज की जटिल एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक पूरी की। मरीज को गंभीर हृदय रोग था, जिसमें 80% एलएडी (लेफ्ट एंटीरियर डीसेंडिंग) ऑस्टियल लेसन और लेफ्ट मेन आर्टरी में समस्या थी। आमतौर पर इस स्थिति में कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) की जरूरत पड़ती है, लेकिन मरीज की अपेक्षाकृत कम उम्र को देखते हुए डॉक्टरों ने कम आक्रामक प्रक्रिया यानी एंजियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया। यह जटिल प्रक्रिया बीआरएसएच के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी और हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. अजय गौतम और उनकी टीम ने की, जबकि पूरी प्रक्रिया में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. शुभनन रॉय का मार्गदर्शन प्राप्त था। इस एंजियोप्लास्टी को इन्ट्रावस्कुलर अल्ट्रासाउंड (आईवीयूएस) तकनीक की सहायता से अंजाम दिया गया, जिससे अधिक सटीकता और सुरक्षा सुनिश्चित की गई। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है, जो अस्पताल की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यह सफलता बीआर सिंह अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर की उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और उन्नत उपचार सुविधाओं को दर्शाती है, जिससे रेलवे लाभार्थियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

## हाबरा स्टेशन के पास रेस्टोरेंट में लगी भाषण आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाबरा स्टेशन के पास एक रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। इस हादसे में रेस्टोरेंट का सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार दोपहर लगभग 1 बजे रेस्टोरेंट में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि पूरा रेस्टोरेंट आग की चपेट में आ गया। जिस कारण अंदर रखे फर्नीचर और अन्य सामान जल गए और पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और दमकल विभाग को सूचित किया। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं आई है, हालांकि रेस्टोरेंट के मालिक ने बताया कि उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# कोलकाता मेट्रो में खोया मोबाइल आरपीएफ ने बरामद कर यात्री को लौटाया

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे की सतर्कता और जिम्मेदारी का एक और उदाहरण देखने को मिला जब एक यात्री का खोया हुआ मोबाइल फोन सुरक्षित रूप से वापस मिल गया। 15 मार्च 2025 को शाम करीब 4:42 बजे कवी सुभाष मेट्रो स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मी ने ट्रेन की नियमित जांच के दौरान एक कोच में एक मोबाइल फोन पाया। सुरक्षा जांच के बाद, फोन को स्टेशन मास्टर के कार्यालय में जमा कर दिया गया।

इसके बाद, स्टेशन मास्टर ने बार-बार घोषणाएं कर फोन के



मालिक से इसे स्टेशन मास्टर के कार्यालय से लेने का अनुरोध किया। साथ ही, इस संबंध में मेट्रो के सभी स्टेशनों को एक नियंत्रण संदेश भी भेजा गया।

करीब 4:50 बजे, एक पुरुष यात्री कवी सुभाष मेट्रो स्टेशन के स्टेशन मास्टर के कार्यालय में आया और फोन का मालिक होने का दावा किया। उचित सत्यापन और सभी आधिकारिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, फोन उसे लौटा दिया गया।

फोन वापस पाकर यात्री ने मेट्रो रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया और उनकी तत्परता और ईमानदारी की सराहना की।

अंतिम  यात्रा

|| नैन ं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैन ं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ||

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा ह ै की हमारे पिताश्री दीपक जयसवाल का निधन दिनांक 16 मार्च 2025, रविवार को हो गया है।

अंतिम यात्रा दिनांक 17 मार्च 2025, सुबह 9 बजे हमारे निवास स्थान से प्रस्थान करेगी

स्थान : Greenvista Housing Complex, Rajarhat Main Rd, Dash Drone, Checkpost, Kolkata, 700136.

Subham Jaiswal
Mobile:8910784625

श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह समिति

# बालीगंज में नया इंटेन्सिव वैगन परीक्षा केंद्र की शुरुआत



**कोलकाता, समाज्ञा :** बालीगंज लाइन नंबर 8 पर एक नया इंटेन्सिव वैगन परीक्षा माल परिवहन के संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए केंद्र स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर हिंदुस्तान इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एचईआईएल) और भारतीय इलेक्ट्रिक स्टील कंपनी लिमिटेड (बीईएससीओ) द्वारा निर्मित माल वैगनों की प्रारंभिक परीक्षा की जाएगी। यह दोनों कंपनियां रेलवे रोलिंग स्टॉक और घटकों के प्रमुख निर्माता हैं। 13 मार्च 2025 को एचईआईएल द्वारा निर्मित पहले नए वैगन रैक की पूरी तरह से परीक्षा की गई। इस नई पहल से कई लाभ होंगे, जैसे नए निर्मित खाली वैगनों को दूर-दराज के परीक्षा केंद्रों जैसे नैहाटी और चितपुर में भेजने की आवश्यकता समाप्त होगी, जिससे उपनगरीय ट्रेनों की गति में सुधार होगा। इसके अलावा, यह बदलाव सियालदह डिवीजन की समग्र समयबद्धता प्रदर्शन को बढ़ावा देगा और खाली वैगनों को परीक्षा केंद्रों तक भेजने के लिए चालक दल के उपयोग को भी अनुकूलित करेगा।

बालीगंज में नए वैगन परीक्षा केंद्र का उद्घाटन रेलवे संचालन की सुरक्षा, रखरखाव दक्षता, नियामक अनुपालन और आर्थिक लाभ सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सियालदह डिवीजन डीआरएम दीपक निगम के नेतृत्व में लगातार ऐसे मील के पत्थर हासिल कर रहा है।

# 'बंगाल में नफरत व अफवाह फैलाने वालों की नहीं चलेगी'




**कोलकाता :** देश भर में तमाम जगहों पर जात पात के नाम पर जो गड़बड़ी फैलाने व अफवाह के जरीये लोगों को बांटने की साजिश हो रही है हम उसका विरोध करते हैं। बंगाल अपने आप में लघु भारत है और यहां नफरत व अफवाह फैलाने वालों की नहीं चलेगी। उक्त बात 'ऑल बंगाल इमाम-मुअज्जिन एसोसिएशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट' के अध्यक्ष मुस्तफीज हाशमी ने एसोसिएशन के सर्व धर्म समिति के एक संवाददाता सम्मेलन में कही। इस दौरान एसोसिएशन महा सचिव सोमेन विस्वास, एसोसिएशन महा सचिव निजामुद्दीन विस्वास, पुरोहित सुमन बनर्जी, बौद्ध धर्मगुरु डा. अरुण ज्योति, फादर संजीव, स्वर्ण सिंह ने अपनी बात कही।

# आदिवासी नाबालिका से यौन उत्पीड़न: आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिलाओं का उग्र प्रदर्शन

**आसनसोल :** होली के दिन एक आदिवासी नाबालिका के साथ हुए यौन उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, लेकिन बाकी आरोपी अब भी फरार हैं। इसी के खिलाफ नाराज आदिवासी महिलाओं ने थाने का घेराव किया और उग्र प्रदर्शन किया। महिलाएं लाठी, दा, कुल्हाड़ी और झाड़ू लेकर घंटों तक थाने के सामने प्रदर्शन करती रहीं। महिलाओं की मांग थी कि सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।



स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह घटना आसनसोल के पांचगछिया कदमडांगा इलाके की है। होली के दिन, शुक्रवार को एक आदिवासी नाबालिका अपने बकरियों को चराने के लिए खेत में गई थी। उसी दौरान, वहां पहले से ही चार युवक शराब पी रहे थे। जब नाबालिका वहां से लौटने लगी, तो वे युवक उसका पीछा करने लगे। जान बचाने के लिए वह भागी, लेकिन युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। किसी तरह छूटकर वह घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई।

शनिवार को पीड़िता के परिवार ने आसनसोल उत्तर थाना में शिकायत दर्ज करवाई। पहले दो स्थानीय युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जगन्नाथ हंसदा को गिरफ्तार कर लिया और उसे आसनसोल अदालत में पेश किया गया। वहीं, दूसरे आरोपी बापी राय की तलाश जारी है।

इस घटना से पूरे आदिवासी समुदाय में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। रविवार को बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं थाने के सामने जुटीं और लाठी, दा, कुल्हाड़ी जैसे हथियार लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी और जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और आदिवासी लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि फरार आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी और मामले की जांच तेज कर दी गई है। हालांकि, घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है, और स्थानीय लोग पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# तारकेश्वर में आलू व्यापारी की पीटकर हत्या

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के तारकेश्वर के पांचगछिया इलाके में एक आलू व्यवसायी की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है। व्यापारी आलू खरीदकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में कुछ युवकों से व्यवसायी की झड़प हुई और उक्त लोगों ने आलू व्यवसायी पर हमला कर पीट-पीटकर हत्या कर दी। उक्त घटना से तनातनी का माहौल है। मृतक का नाम राखाल चंद्र घोष (60) बताया गया है। खबरों में बताया गया है कि व्यवसायी राखाल अपने बेटे तन्मय घोष के साथ किसानों से आलू खरीदकर वैन से लौट रहे थे। तभी पार्किंग को लेकर कुछ युवकों से उनकी बहस हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। युवकों ने लोहे की रॉड से राखाल के सिर पर हमला किया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। उन्हें उदयनारायणपुर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके बेटे तन्मय को भी पीटा गया, हालांकि वह बच गए। इस घटना के बाद रविवार को स्थानीय निवासियों में गुस्सा भड़क उठा। लोगों ने आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। घटना पर लोगों ने पुलिस को ज्ञापन दिया। साथ ही, मृतक के बेटे के लिए नौकरी या जमीन की मांग भी की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हुगली ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्णु रॉय सहित कई थानों के अधिकारी और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पांच युवकों ने इस हमले को अंजाम दिया। मामले पर एसपी कृष्णु रॉय ने कहा कि आलू रखने को लेकर झगड़ा हुआ था। हमें सभी आरोपितों के नाम पता चल गए हैं और हम जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लेंगे।



# सिलीगुड़ी नगर निगम के डिप्टी मेयर की कार पर हमला, दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी नगर निगम के उपमेयर रंजन सरकार पर शनिवार की रात हमला किया गया। इस घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उपमेयर की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सेवक मोड़ के पास मेयर की कार पर शनिवार की रात हमला हुआ। वे किसी तरह कार में सवार होकर भागकर अपनी जान बचाने में सफल हुए। मेयर के साथी ने घटना को रिकॉर्ड कर लिया। घटना की शिकायत दर्ज कर यह जानकारी और साक्ष्य पुलिस को सौंप दिए गए। दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने हमले में संलिप्तता के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपितों में से एक बांकुड़ा जिले का रहने वाला है। दूसरा सिलीगुड़ी का निवासी है।



घटना की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। पीड़ित रंजन सरकार ने आरोप लगाया कि रिश्तेदार के घर से लौटते समय दो बदमाशों ने उनकी कार पर हमला किया। इस घटना के बारे में मेयर गौतम देब ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। रंजन एक रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। घटना की सूचना हमने पुलिस को दे दी है। घटना के बारे में डीसीपी राकेश सिंह ने कहा कि हमने विभिन्न तस्वीरों और वीडियो को देखने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# नगरपालिकाओं व नगर निगमों में भर्ती भ्रष्टाचार पर ममता सरकार सख्त, नगर सेवा आयोग परीक्षा अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** नगरपालिकाओं और नगर निगमों में भर्ती भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद ममता सरकार ने इस अब सख्त रुख अपनाया है। नगरपालिकाओं में स्थायी पदों पर नियुक्तियों में राजनीतिक पक्षपात और वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोप राज्य सरकार के लिए परेशानी का सबब बन गए थे। विशेषकर हाल के दिनों में नगर निगम भर्ती भ्रष्टाचार में सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों की सक्रिय संलिप्तता और अनेक अनियमितताओं के उजागर होने के बाद राज्य सरकार कड़े फैसले लेने पर मजबूर हुई है। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि अब सभी नगरपालिकाओं, नगर निगमों, विकास बोर्डों और औद्योगिक विकास बोर्डों में स्थायी कर्मचारियों की भर्ती 'पश्चिम बंगाल नगर सेवा आयोग' के माध्यम से अनिवार्य कर दी जाएगी। हाल ही में, नवान्न में एक बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अब कोई स्थानीय नियुक्तियां नहीं की जाएंगी। सभी स्थायी पदों पर नियुक्ति नगर सेवा आयोग के माध्यम से की जानी चाहिए। इसके बाद, नगर एवं शहरी विकास विभाग ने आनन-फानन में गाइडलाइन जारी कर दी। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नगरपालिकाओं, नगर निगमों, विकास बोर्डों, औद्योगिक विकास बोर्डों और शहरी विकास एजेंसियों में नियुक्तियां नगर निगम आयोग के माध्यम से की जाएंगी।

नगरीय एवं शहरी विकास विभाग के अधिकारियों का मानना है कि सरकार के इस सख्त फैसले से भर्ती संबंधी मामलों में भ्रष्टाचार के आरोपों पर रोक लगेगी। नगरीय एवं शहरी विकास विभाग के एक सूत्र का कहना है कि इस नई अधिसूचना के परिणामस्वरूप स्थानीय राजनीतिक नेताओं का हस्तक्षेप काफी कम हो जाएगा। इससे भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और योग्यता के आधार पर चयन होगा। इसके अलावा, नगरपालिकाओं और विकास बोर्डों पर राजनीतिक प्रभाव डालकर अवैध भर्ती को रोकना भी संभव हो सकेगा। इसके साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप कम होंगे तो लोगों का प्रशासन पर भरोसा भी बढ़ेगा।

# राज्य सरकार ने गंगा के किनारे होमस्टे के रूप में नया पर्यटन विकल्प किया पेश

**हावड़ा :** राज्य सरकार ने पर्यटन प्रेमियों के लिए गंगा के किनारे होमस्टे के रूप में एक नया विकल्प प्रस्तुत किया है। आओ मेरे घर आओ की टैगलाइन के साथ ये होमस्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। हुगली नदी के किनारे स्थित बेलाड़ी में स्थित 'गंगाबितान' होमस्टे तेजी से लोकप्रिय हो गया है। यह सुंदर और आकर्षक वातावरण में स्थित है, जो यात्रा प्रेमियों को अपनी ओर खींच रहा है। राज्य सरकार ने निजी और व्यक्तिगत प्रयासों से बने रिसॉर्ट्स को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उन्हें होमस्टे का दर्जा दिया है। इसके तहत कुछ रिसॉर्ट्स को मान्यता प्राप्त हुई है। श्यामपुर एक नंबर ब्लॉक के बेलाड़ी में स्थित 'गंगाबितान'



होमस्टे 25 बीघा जमीन पर फैला हुआ है, जहां कुल 10 कॉटेज हैं। जिनमें से अधिकांश में निजी स्विमिंग पूल की सुविधा है। होमस्टे के मालिक कृष्णेंदु विश्वास ने बताया कि राज्य सरकार ने इस प्रयास को बढ़ावा देने के लिए दो बार एक लाख रुपये की सहायता दी है। इस निर्माण में राज्य मंत्री और विधायक पुलक राय का भी अहम योगदान रहा है।

### एयरपोर्ट के पास बस से उतरते ही दर्दनाक हादसा, ट्रक की टक्कर से दो की मौत, तीन घायल

**कोलकाता :** एयरपोर्ट के पास माइकल नगर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां बस से उतरते ही तीन यात्रियों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार रात मध्यरात्रि के करीब हुई, जब बिराटी से बारासात की ओर जा रही एक यात्री बस माइकल नगर स्टॉपेज पर रुकी। जैसे ही कुछ यात्री बस से उतरे, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो यात्रियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन घायलों का इलाज जारी है। हादसे में ट्रक चालक भी घायल हुआ है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## विदेश की खबरें

# अमेरिका में बवंडर, धूल भरी आंधी और जंगल में आग से कम से कम 32 लोगों की मौत

**पिडमोंट :** अमेरिका के मध्य और दक्षिण हिस्से में आए बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण कई मकान और स्कूलों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई। मिसौरी निवासी डकोटा हेंडरसन ने बताया कि शुक्रवार रात बवंडर से बुरी तरह प्रभावित वेन काउंटी में उन्होंने और अन्य लोगों ने मिलकर जब पड़ोसियों को बचाने का अभियान शुरू किया तो उनके रिश्तेदार के घर के बाहर मलबे में पांच शव पड़े मिले। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में आए बवंडरों में कम से कम एक



दर्जन लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने शनिवार देर रात बताया कि तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि बवंडर पूर्व में अलबामा की ओर बढ़ गया है, जहां घरों को नुकसान पहुंचा है तथा सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। अधिकारियों ने अर्कंसास में तीन मौतों की पुष्टि की और गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स ने राज्य में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। जॉर्जिया के गवर्नर ने भी राज्य में आपातकाल की घोषणा की है। राज्य में बवंडर और धूल भरी आंधी की वजह से शुक्रवार को लगभग एक दर्जन लोगों की मौत हो गई। स्टेट हाईवे पेट्रोल के अनुसार, कम से कम 50 वाहनों के टकरा जाने से कनसास राजमार्ग पर आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी के कारण हुए कार हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। ओक्लाहोमा के कुछ इलाकों को आग की घटनाओं की वजह से खाली कराने का आदेश दिया गया है। पूरे राज्य में 130 से ज्यादा आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं और लगभग 300 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए हैं। गवर्नर केविन स्टिट ने शनिवार को कहा कि लगभग 689 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र जल गया है। उन्होंने बताया कि ओक्लाहोमा सिटी के उत्तर-पूर्व में उनका अपना घर भी जल गया है।

# बलूचिस्तान में आतंकवादी हमले में पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत

**क्वेटा (पाकिस्तान) :** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 12 से अधिक घायल हो गए। प्रांत के नोश्की इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से अर्धसैनिक फ्रंटियर कॉर्प (एफसी) के काफिले को टक्कर मार दी। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। स्थानीय नोश्की पुलिस थाने के प्रमुख जफरुल्लाह सुमालानी ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह एक आत्मघाती हमला था। उन्होंने कहा, ''मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।''

सुमालानी ने कहा कि हमले की जगह से मिले साक्ष्यों से पता चलता है कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को एफसी काफिले में घुसा दिया। इस बीच, सुरक्षा बलों ने विस्फोट स्थल की घेराबंदी कर दी है और हमले के कारणों तथा इसके लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की और जानमाल का नुकसान होने पर दुख जताया।

बुगती ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, ''बलूचिस्तान की शांति के साथ खिलवाड़ करने वालों का दुखदायी अंत होगा।'' बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने भी ''निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर'' किए गए हमले की निंदा की।

# ट्रंप और पुतिन इस सप्ताह रूस-यूक्रेन युद्ध पर बात करेंगे : अमेरिकी दूत

**वेस्ट पाम बीच :** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के प्रयास के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह बातचीत कर सकते हैं। ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने यह जानकारी दी। ट्रंप द्वारा जनवरी में राष्ट्रपति का कार्यभार संभाले जाने के बाद दोनों देशों के नेता दूसरी बार सार्वजनिक रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध पर बातचीत करेंगे। ट्रंप और पुतिन ने फरवरी में बातचीत की थी और यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई थी। विटकॉफ ने 'सीएनएन' के 'स्टेट ऑफ द यूनियन' कार्यक्रम में रविवार को कहा, ''मुझे लगता है कि इस सप्ताह दोनों राष्ट्रपतियों के बीच बहुत अच्छी और सकारात्मक चर्चा



होगी।'' विटकॉफ ने इस सप्ताह रूस में पुतिन से मुलाकात की, जिसका उद्देश्य यूक्रेन पर देश के आक्रमण को समाप्त करना था। अमेरिकी विशेष दूत ने कहा कि उन्हें जल्द ही एक समझौता होने की उम्मीद है। विटकॉफ ने संभावित वार्ता को लेकर कहा, ''...मुझे वास्तव में उम्मीद है कि हम यहां कुछ वास्तविक प्रगति देखेंगे।''

# बांग्लादेश: अदालत ने 'साथी' की पीटकर हत्या करने के मामले में 20 छात्रों की मौत की सजा बरकरार रखी

**ढाका :** बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने रविवार को एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के 20 छात्रों को मृत्युदंड देने के निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। निचली अदालत आरोपी छात्रों को यह सजा 2019 में कथित राजनीतिक संबद्धता के कारण दूसरे वर्ष के एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में सुनाई थी। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि न्यायमूर्ति ए.के.एम. असदुज्जमां और न्यायमूर्ति सैयद इनायत हुसैन की पीठ ने मृत्युदंड की सजा की अनिवार्य पुष्टि और निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दोषियों की अपील पर सुनवाई पूरी करते हुए एक साथ फैसला सुनाया। अधिकारियों के मुताबिक सभी दोषी बांग्लादेश इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी



विश्वविद्यालय (बीयूईटी) के छात्र थे तथा अब भंग की जा चुकी बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) से जुड़े थे। बीसीएल अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की छात्र शाखा थी। आरोपियों ने सात अक्टूबर 2019 को बीयूईटी के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र अबरार फहद की सरकार की आलोचना करने वाली एक फेसबुक पोस्ट के कारण हत्या कर दी थी। अधिकारियों के मुताबिक अगली सुबह फहद की क्षत-विक्षत लाश उसके विश्वविद्यालय छात्रावास कक्ष में मिली। बाद में जांच में पता चला कि उसे 25 साथी छात्रों ने क्रिकेट बैट और अन्य कुंद वस्तुओं से लगभग छह घंटे तक पीटा था। फहाद की हत्या के बाद बीयूईटी और बीसीएल दोनों ने इन आरोपी छात्रों को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया था। ढाका की एक अदालत ने आठ दिसंबर 2021 को 20 दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी। उस समय अवामी लीग सत्ता में थी। अटॉर्नी जनरल एम. असदुज्जमान ने बताया कि 20 छात्रों की मौत की सजा बरकरार रखने के अलावा, 'अदालत ने अन्य पांच दोषियों की आजीवन कारावास की सजा भी बरकरार रखी।' उन्होंने बताया कि ये भी बीयूईटी के छात्र थे।

# ट्रंप ने निर्वासन संबंधी 18वीं सदी के कानून के इस्तेमाल की घोषणा की, न्यायाधीश ने लगाई रोक

**वाशिंगटन :** निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल



साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है।

### भारत के चाफेकर को 'रीकैप आईएससी' का सातवां कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया

**सिंगापुर :** भारतीय तटरक्षक बल के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक वी डी चाफेकर को 'रीकैप आईएससी' का सातवां कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है। 'रीकैप आईएससी' एशिया में पोतों को निशाना बनाकर की जाने वाली समुद्री चोरी और सशस्त्र डकैती के खिलाफ सहयोग बढ़ाने के लिए सरकारों के बीच एक क्षेत्रीय समझौता है। 'रीकैप' सूचना साझाकरण केंद्र (आईएससी) की 19वीं शासी परिषद की बैठक में शुक्रवार को बताया गया कि चाफेकर इस साल एक अप्रैल से 31 मार्च 2028 तक तीन साल के कार्यकाल के लिए ईडी का पद संभालेंगे। परिषद ने उन्हें पिछले साल पांच नवंबर को इस पद के लिए चुना था।

### रूस और यूक्रेन ने रातभर किए एक-दूसरे पर हवाई हमले

**कीव :** रूस और यूक्रेन ने एक दूसरे पर शनिवार रातभर हवाई हमले किए और इसके साथ ही दोनों पक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शत्रु के 100 से अधिक ड्रोन देखे जाने की सूचना दी। दोनों देशों ने ये हमले ऐसे समय में किए हैं जब 24 घंटे से ही कम वक्त पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात करके यूक्रेन के साथ 30 दिन के युद्धविराम संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की थी। यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार को कहा कि रूस ने रात भर 178 ड्रोन और दो बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इन हमलों के दौरान शाहेद-प्रकार के ड्रोन और हवाई सुरक्षा को भ्रमित करने के लिए डिजाइन किए गए नकली ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। उसने कहा कि लगभग 130 ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि 38 और ड्रोन अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे।

# उत्तर मैसेडोनिया के नाइट क्लब में आग लगने से 59 लोगों की मौत, 155 घायल

**स्कोप्जे (उत्तर मैसेडोनिया) :** उत्तर मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई और 155 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्री पांसे तोशकोवस्की ने यह जानकारी दी। तोशकोवस्की ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आग देर रात 2:35 बजे एक स्थानीय पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान लगी। उन्होंने कहा कि क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी की जिससे आग लग गई। उन्होंने बताया कि अब तक 39 मृतकों की पहचान हो सकी है।

क्लब में गए लोगों के परिवार के सदस्य अस्पतालों और कोकानी में कार्यालयों के सामने एकत्र होकर अधिकारियों से इस संबंध में अधिक जानकारी देने की गुहार लगा रहे हैं। तोशकोवस्की ने कहा कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, लेकिन उन्होंने उस व्यक्ति की संलिप्तता के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। स्वास्थ्य मंत्री अर्बेन तरावरी ने कहा कि 118 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि अल्बानिया, बुल्गारिया, ग्रीस और सर्बिया सहित पड़ोसी देशों ने सहायता की पेशकश की है। यह हाल के दिनों में इस राष्ट्र में हुई सबसे भयानक त्रासदी है। इस देश की जनसंख्या लगभग 20 लाख है। राष्ट्रपति गोर्दाना सिलजानोवस्का दावकोवा ने स्कोप्जे के एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और इमारत के बाहर इंतजार कर रहे परिजनों से भी बात की।

# प्रधानमंत्री ओली का राजशाही समर्थकों पर कटाक्ष: नेपाल के लोकतंत्र में 'रिवर्स गियर' नहीं

**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने राजशाही समर्थक समूहों पर कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि लोकतंत्र एक 'राजमार्ग' की तरह है, जिसमें कोई 'रिवर्स गियर' नहीं होता, केवल कभी-कभार तीखे मोड़ के कारण क्षणिक रूप से गति धीमी करनी पड़ती है। उन्होंने इसके साथ ही आगे बढ़ने पर जोर दिया। पिछले हफ्ते पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के सैकड़ों समर्थकों ने राजधानी में उनके स्वागत में रैली निकाली थी। ज्ञानेंद्र (77) पिछले सप्ताह रविवार को जैसे ही देश के विभिन्न भागों में धार्मिक स्थलों का दर्शन कर पोखरा से काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, समर्थकों ने उनके पक्ष में नारे



लगाने शुरू कर दिए। इस रैली का उद्देश्य नेपाल में राजशाही की पुनः स्थापना के प्रति समर्थन प्रदर्शित करना था। ओली ने रविवार को यहां महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए राजशाही समर्थक समूहों द्वारा हाल ही में किए गए विरोध प्रदर्शनों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, ''हमें हमेशा आगे बढ़ने की जरूरत है। पीछे मुड़ना नहीं चाहिए। रिवर्स गियर (वाहन को पीछे ले जाने में सक्षम) कभी-कभी तब लगाया जाता है जब सड़क पर तीखे मोड़ हों। राजमार्ग पर कोई 'बैक गियर' नहीं है और लोकतंत्र हमारा राजमार्ग है।'' पूर्व राजा के समर्थक गत कई दिनों से काठमांडू और पोखरा सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रैलियां निकाल रहे हैं और 2008 में समाप्त की गई राजशाही को पुनः बहाल करने की मांग कर रहे हैं। राजतंत्र समर्थक फरवरी में लोकतंत्र दिवस के बाद तब सक्रिय हुए जब ज्ञानेन्द्र ने कहा था, ''समय आ गया है कि हम देश की रक्षा करने और राष्ट्रीय एकता लाने की जिम्मेदारी लें।''

### यमन में अमेरिकी हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हुई: हूती विद्रोही

**वेस्ट पाम बीच (अमेरिका) :** यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है और इन लोगों में महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने रविवार को बताया कि रातभर हुए हमलों में 101 लोग घायल भी हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह ''पूरी ताकत से'' हमले जारी रखेंगे। हूती विद्रोहियों ने पहले कहा था कि इन हवाई हमलों में कम से कम 18 आम नागरिकों की मौत हुई है।

### चीन का लड़ाकू विमान प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त

**ताइपे (ताइवान) :** चीन का एक लड़ाकू विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि पायलट पैराशूट के जरिये सुरक्षित बचने में सफल रहा। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। 'शिन्हुआ' समाचार एजेंसी ने अपनी खबर में शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना चीन के सुदूर दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान के एक कस्बे के निकट हुई, जहां अनेक वायुसेना और नौसेना अड्डे, रडार स्टेशन और अन्य सैन्य अवसंरचनाएं स्थापित हैं। इस सैन्य अवसंरचना का उद्देश्य विशाल, रणनीतिक दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावे को पुष्ट करना है। खबर के अनुसार दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

# शैक्षणिक अंक वास्तविक योग्यता को परिभाषित नहीं कर सकते, परीक्षाएं विकास यात्रा का छोटा हिस्सा: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केवल शैक्षणिक अंक ही किसी छात्र की वास्तविक योग्यता को परिभाषित नहीं कर सकते और परीक्षाएं ज्ञान अर्जन और आत्म-विकास की वृहद यात्रा का एक छोटा सा हिस्सा मात्र हैं। पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने कहा कि आज समाज में एक अजीब मानसिकता विकसित हो गई है, जिसके तहत स्कूल भी अपनी सफलता छात्रों की रैंकिंग से आंकते हैं। मोदी ने कहा, परिवार भी अपने बच्चे के उच्च रैंक प्राप्त करने पर गर्व महसूस करते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके शैक्षिक और सामाजिक कद में सुधार होता है। इस मानसिकता के कारण बच्चों पर दबाव बढ़ गया है। बच्चों को यह भी लगने लगा है कि उनका पूरा जीवन दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, हमने इस मुद्दे से निपटने के लिए अपनी नयी शिक्षा नीति में अहम बदलाव किए हैं। लेकिन जब तक ये बदलाव जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं हो जाते, तब तक मुझे एक और जिम्मेदारी का एहसास होता है। अगर हमारे बच्चे चुनौतियों का सामना करते हैं, तो यह मेरा कर्तव्य है कि मैं उनकी बात सुनूं, उन्हें समझूं और उनका बोझ हल्का करूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह 'परीक्षा पे चर्चा' करते हैं, तो उन्हें सीधे छात्रों से जानकारी मिलती है, उनके अभिभावकों की मानसिकता समझ में आती है, साथ ही शिक्षा क्षेत्र के लोगों के दृष्टिकोण का भी पता चलता है। उन्होंने कहा, इन चर्चाओं से सिर्फ छात्रों को ही लाभ नहीं होता। इनसे मुझे भी फायदा मिलता है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि परीक्षाएं किसी विशिष्ट क्षेत्र में ज्ञान का स्तर आंकने का जरिया हैं, लेकिन ये किसी की समग्र क्षमता का आकलन करने का एकमात्र साधन नहीं हो सकतीं। उन्होंने कहा, बहुत से लोग अकादमिक क्षेत्र में उच्च अंक नहीं हासिल कर पाते हैं, फिर भी वे क्रिकेट में शतक लगा सकते हैं, क्योंकि यही उनकी असली ताकत है। जब ध्यान पूरी तरह से सीखने पर केंद्रित होता है, तो अंक स्वाभाविक रूप से बेहतर होने लगते हैं। तीन घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने अभिभावकों को यह समझने की सलाह दी कि जीवन केवल परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, परिजनों को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी या समाज को दिखाने के लिए मॉडल नहीं हैं। सब कुछ यही कहने तक सीमित नहीं होना चाहिए कि देखो, मेरे बच्चे ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। माता-पिता को वास्तव में अपने बच्चों को केवल स्टेटस सिंबल के रूप में इस्तेमाल करना बंद करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, दूसरी बात, छात्रों को हमेशा पहले से ही खुद को अच्छी तरह से तैयार करना चाहिए। तभी वे तनावमुक्त होकर और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकेंगे। उन्हें खुद पर और अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा होना चाहिए। कभी-कभी मैं देखता हूं कि छात्र परीक्षा के दौरान छोटी-छोटी बातों को लेकर घबरा जाते हैं।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष तभी सुलझेगा जब दोनों पक्ष वार्ता करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष कभी भी युद्ध के मैदान में नहीं सुलझ सकता और इसका समाधान तभी होगा जब दोनों पक्ष वार्ता की मेज पर बैठेंगे। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने स्पष्ट किया कि इस संघर्ष में भारत तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अपने अच्छे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि वह रूस से आग्रह कर सकते हैं कि युद्ध समाधान नहीं है और यूक्रेन को याद दिला सकते हैं कि युद्ध के मैदान से कभी समाधान नहीं निकलता।

### ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं। लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक साहसी व्यक्ति बताया, जिसने अपने फैसले खुद किए और जो अमेरिका के प्रति अटूट रूप से समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह समर्पण उस वक्त भी दिखा जब पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान एक बंदूकधारी ने उन्हें गोली मार दी थी।

### मृत्यु अटल सत्य है, मायने यह रखता है कि जिंदगी कैसे जी गयी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि मृत्यु अटल सत्य है और असल में मायने यह रखता है कि जिंदगी कैसे जी गयी है। पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने कहा कि मृत्यु को लेकर चिंता करने के बजाय जीवन को गले लगाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या वह मृत्यु से डरते हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''हम निश्चित रूप से जानते हैं कि जो जन्म लेता है, उसकी मृत्यु तय है। इसके बावजूद जीवन का फलना-फूलना तय है।'' उन्होंने कहा, ''जो चीज निश्चित है, उसका डर क्यों? इसीलिए आपको मौत पर चिंता करने के बजाय जीवन को गले लगाना चाहिए। इसी तरह जीवन विकसित और समृद्ध होगा।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में 24 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के श्रीभूमि जिले में पुलिस ने रविवार को 24 करोड़ रुपये मूल्य की याबा दवा (मादक पदार्थ) के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह जिला मिजोरम के अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) पार्थ प्रतिम दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मिजोरम के चंफाई जिले से आ रहे एक ट्रक को पुवामारा बाईपास पर रोका गया। दास ने पीटीआई-भाषा को बताया, वाहन की तलाशी के दौरान, पुलिस ने ट्रक के गुप्त चैंबर से 80,000 याबा गोलियां बरामद की। उन्होंने कहा कि आरोपी असम के बराक घाटी स्थित कछार जिले के रहने वाले हैं। दास ने कहा, हमने मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के आगे और पीछे के नेटवर्क का पता लगाने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जम्मू कश्मीर: माता वैष्णो देवी मंदिर में पांच वर्षों में दान में भारी वृद्धि हुई

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में तीर्थयात्रियों का दान वित्तीय वर्ष 2024-25 (जनवरी तक) में 171.90 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2020-21 में 63.85 करोड़ रुपये था। यह जानकारी श्राइन बोर्ड ने दी है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने कहा है कि इसी अवधि के दौरान मंदिर में चढ़ाया गया सोना भी नौ किलोग्राम से बढ़कर 27.7 किलोग्राम हो गया है और चांदी 753 किलोग्राम से बढ़कर 3,424 किलोग्राम हो गई है। जम्मू के आरटीआई आवेदक रमन शर्मा द्वारा दायर एक आवेदन का जवाब देते हुए श्राइन बोर्ड ने कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 में दान या भेंट के रूप में 63.85 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, इसके बाद वित्त वर्ष 2021-22 में 166.68 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2022-23 में 223.12 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2023-24 में 231.50 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 (इस साल जनवरी तक) में 171.90 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

### चीन ने पाकिस्तान को दूसरी पनडुब्बी सौंपी, आठ पनडुब्बियों का है करार

**बीजिंग :** चीन ने अरब सागर में भारत के करीब हिंद महासागर में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने की रणनीति के तहत पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत करने की कोशिश कर रही है और इसी कड़ी में अत्याधुनिक हथियारों और संवेदकों से लैस दूसरी पनडुब्बी की आपूर्ति की है। चीन के आधिकारिक मीडिया ने रविवार को बताया कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी, को चीन के हुबेई प्रांत के वुहान में जलावतरण किया गया। यह पाकिस्तान को करीब पांच अरब डॉलर के सौदे के तहत दी गई आठ ऐसी पनडुब्बियों में शामिल है। यह उन चार आधुनिक नौसैनिक 'फ्रिगेट' के अतिरिक्त है, जो चीन ने पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान को सौंपे हैं। यह आपूर्ति पाकिस्तान की नौसैनिक ताकत को बढ़ाने के प्रयासों के तहत की गई है। अरब सागर में चीनी नौसेना का लगातार विस्तार हो रहा है।

## ओडिशा के बौध शहर में सबसे अधिक 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के बड़े क्षेत्रों, खासकर पश्चिमी क्षेत्र में रविवार को लू जैसे हालात रहे, जहां बौध शहर में सबसे अधिक 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। ओडिशा के बौध सहित कम से कम सात स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार, बौध के बाद झारसुगुडा में सबसे अधिक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि बोलांगीर में तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसमें बताया गया कि राज्य के अन्य स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जिसमें अंगुल (41.1), टिटलागढ़ (40.5), सुंदरगढ़ (40.3) और भवानीपटना (40.2) शामिल है। भुवनेश्वर और कटक में अधिकतम तापमान क्रमश: 36.8 और 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक लू चलने की संभावना जताते हुए सोमवार के लिए झारसुगुडा, संबलपुर और कालाहांडी के लिए 'रेड वॉर्निंग' जारी की है। मौसम विभाग लू के लिए 'रेड वार्निंग' तब जारी करता है जब बहुत ज्यादा गर्भी पड़ने और तापमान रिकॉर्ड तोड़ होने की संभावना होती है।

## अब शमी की बेटी के होली खेलने पर बरेली के मौलाना ने जताई आपत्ति

**बरेली (उप्र) :** रमजान में मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी के 'एनर्जी ड्रिंक' पीने पर विवादास्पद बयान देने वाले स्वयंभू धर्मगुरु एवं 'ऑल इंडिया मुस्लिम जमात' के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने अब शमी की बेटी के होली खेलने पर आपत्ति जताते हुए इसे ''शरीयत के खिलाफ'' करार दिया है। रजवी ने शनिवार देर शाम जारी एक वीडियो में कहा कि शमी की बेटी आयरा का होली खेलना शरीयत के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वह छोटी बच्ची है, अगर वह बिना समझे होली खेलती है तो कोई बात नहीं, लेकिन अगर वह समझदार है और फिर भी होली खेलती है तो इसे शरीयत के खिलाफ माना जाएगा। रजवी ने यह भी कहा कि उन्होंने शमी को पहले भी नसीहत दी थी, लेकिन उसके बावजूद उनकी बेटी का होली खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा, ''मैंने शमी समेत सभी परिजनों से अपील की है कि जो भी शरीयत में नहीं है, उसे अपने बच्चों को न करने दें। होली हिंदुओं का बहुत बड़ा त्योहार है। लेकिन, मुसलमानों को होली खेलने से बचना चाहिए। क्योंकि, अगर कोई शरीयत को जानते हुए भी होली खेलता है, तो वह गुनाह है।''





## प्रसिद्ध उड़िया कवि रमाकांत रथ का 90 वर्ष की आयु में निधन

**भुवनेश्वर :** प्रसिद्ध उड़िया कवि और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रमाकांत रथ का रविवार को यहां खारवेल नगर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। पद्म भूषण से सम्मानित रथ के परिवार में तीन बेटी और एक बेटा हैं। उनके निधन पर ओडिशा के कई नेताओं और प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया और उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रथ के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रमाकांत रथ को भारतीय प्रशासनिक सेवा और साहित्य जगत में उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। माझी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घोषणा की कि रथ का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। रथ की छोटी बेटी ने बताया कि उनके बेटे के विदेश से लौटने के बाद सोमवार को पुरी के स्वर्गद्वार में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रमाकांत रथ का जन्म 13 दिसंबर 1934 को कटक में हुआ था। रेवेंशॉ कॉलेज (अब विश्वविद्यालय) से



अंग्रेजी साहित्य में एमए करने के बाद वर्ष 1957 में वह भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। राज्य और केंद्र सरकारों में कई महत्वपूर्ण पद संभालने के बाद वह 1992 में ओडिशा के मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। रथ के प्रमुख काव्य संग्रहों में केते दिनारा (1962), सप्तम ऋतु (1977), सचित्र अंधारा (1982), श्री राधा (1985) और श्रेष्ठ कविता (1992) शामिल हैं। उनकी कई कविताओं का अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में अनुवाद भी किया गया है। उन्हें वर्ष 1977 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, वर्ष 1984 में सरला पुरस्कार, वर्ष 1990 में विषुव सम्मान और 2009 में साहित्य अकादमी फेलोशिप से सम्मानित किया गया था।

## राज्य बजट में रुपये के चिह्न को तमिल अक्षर से बदलना भाषा नीति पर हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक: स्टालिन

**चेन्नई :** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि 2025-26 के लिए पेश किए गए राज्य बजट में भारतीय रुपये के प्रतीक को तमिल अक्षर 'रु' से बदला जाना इस बात का प्रतीक है कि उनकी पार्टी भाषा नीति को लेकर कितनी दृढ़ है। स्टालिन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर स्पष्ट हमला करते हुए कहा कि उन्होंने बजट का



लोगो जारी किया था, लेकिन ''जिन्हें तमिल पसंद नहीं है, उन्होंने इसे बड़ी खबर बना दिया।'' मुख्यमंत्री ने अपने नियमित 'उंगालिल ओरुवन' (आप में से एक) वीडियो संबोधन में रुपये के चिह्न के मुद्दे पर आलोचना के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कटाक्ष किया। स्टालिन ने कहा कि वह इस मामले पर जवाब दे सकती हैं, लेकिन तमिलनाडु की उसके हिस्से की राशि जारी करने की अर्जी पर नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैंने बजट का लोगो जारी किया था। हमने 'रु' शब्द का इस्तेमाल यह दिखाने के लिए किया था कि हम भाषा नीति के प्रति कितने दृढ़ हैं। लेकिन जो लोग तमिल को पसंद नहीं करते, उन्होंने इसे बड़ी खबर बना दिया।'' तमिलनाडु सरकार द्वारा बजट में रुपये के चिह्न की जगह 'रु' (स्थानीय भाषा में राष्ट्रीय मुद्रा को दर्शाने वाले 'रुबाई' का पहला अक्षर) इस्तेमाल किए जाने से विवाद पैदा हो गया था और भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

## पू. सी. रेलवे ने फरवरी, 2025 में 0.956 एमटी माल लोडिंग दर्ज की

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करने और अंतिम उपयोगकर्ताओं को आवश्यक वस्तुओं की तेज डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात अथक प्रयास कर रही है। माल परिवहन में निरंतर प्रगति करते हुए, पू. सी. रेलवे ने फरवरी 2025 में विभिन्न वस्तुओं में 0.956 मिलियन टन (एमटी) माल लोडिंग दर्ज की। फरवरी 2025 में, कई वस्तुओं ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में माल लोडिंग में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की। कंटेनर लोडिंग में 44.4%, सीमेंट लोडिंग में 37.5% की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि डोलोमाइट लोडिंग 26.7% और उर्वरक लोडिंग 5.0% बढ़ा है। इसके अतिरिक्त, पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में अन्य क्षेत्रों जैसे बलास्ट लोडिंग में 27.3%, स्टोन चिप्स में 50.5% और बांस लोडिंग में 800% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। माल लोडिंग में निरंतर वृद्धि इस क्षेत्र में बढ़ती आर्थिक गतिविधि को दर्शाती है। फरवरी, 2025 तक, पू. सी. रेलवे का कुल माल लोडिंग 9.627 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.9% की वृद्धि को दर्शाता है। इस बढ़ते ट्रेंड ने न केवल इस क्षेत्र की आर्थिक परिदृश्य को मजबूत किया है, बल्कि पू. सी. रेलवे के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आगे कदम बढ़ाते हुए, सेवा की विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाने के लिए तकनीकी उन्नति के प्रति पू. सी. रेलवे प्रतिबद्ध है, ताकि माल परिवहन में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## उत्तराखंड: भाजपा विधायक ने केदारनाथ धाम में गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**देहरादून :** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा से पहले केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक आशा नौटियाल ने रविवार को केदारनाथ धाम में




मांस-मछली और शराब जैसी गलत गतिविधियां कर रहे 'गैर-हिंदुओं' पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे लोग धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। नौटियाल ने यहां एक वीडियो में कहा कि हाल में यात्रा की तैयारियों को लेकर स्थानीय होटल, ढ़ाबा व्यवसायी और घोड़े-खच्चर रखने वाले लोगों के साथ हुई एक बैठक में यह बात खुलकर सामने आयी थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने यह मुद्दा उठाया था कि गैर-हिंदू लोग वहां मांस, मछली और शराब के व्यापार जैसी गलत गतिविधियां में संलिप्त हैं। भाजपा विधायक ने कहा, जो भी लोग धाम को बदनाम करने का काम करते हैं, उन पर प्रतिबंध लगना ही चाहिए। नौटियाल ने यह भी कहा कि केदारनाथ और प्रदेश के अन्य धामों के दर्शन के लिए पूरे देश और विश्व से श्रद्धा के साथ लोग आते हैं इसलिए उनकी आस्था को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका यह कर्तव्य बनता है कि वह स्थानीय लोगों द्वारा उठायी गयी मांगों को उचित मंच पर रखें और सुनिश्चित करें कि गलत गतिविधियों पर रोक लगायी जाए। कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई ने विधायक के इस बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि त्योहारों व धार्मिक यात्राओं के नाम पर नफरत फैलाना भाजपा का राष्ट्रीय एजेंडा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने यहां संवाददाताओं से कहा, चाहे महाकुंभ मेला हो या होली और जुमे की नमाज या आगामी चारधाम यात्रा, सभी मौकों पर भाजपा इनके बहाने अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज को निशाना बनाकर देश और प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करती है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के लिए वांछित लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर की पाकिस्तान में हत्या

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर में कई घातक आतंकी हमलों के लिए वांछित लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पड़ोसी देश से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि जिया-उर-रहमान उर्फ नदीम उर्फ अबू कतल उर्फ कतल सिंधी की शनिवार शाम पंजाब प्रांत के झेलम इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि बंदूकधारियों ने रहमान के सुरक्षा गार्ड की भी हत्या कर दी। रहमान को लश्कर संस्थापक हाफिज सईद का भरोसेमंद सहयोगी माना जाता था। वह जम्मू-कश्मीर के पूंछ-राजौरी क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। अधिकारियों के मुताबिक, रहमान ने वर्ष 2000 की शुरुआत में जम्मू क्षेत्र में घुसपैठ की थी और 2005 में वापस पाकिस्तान चला गया था। उसके पास पूंछ और राजौरी में आतंकवादियों के सहयोगियों का मजबूत नेटवर्क था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच में कई आतंकवादी वारदातों में रहमान की संलिप्तता की बात सामने आई थी।

## आबादी के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन दक्षिणी राज्यों के साथ अन्याय होगा : खरगे

**गदग (कर्नाटक) :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि यदि निर्वाचन क्षेत्रों की परिसीमन प्रक्रिया जनसंख्या पर आधारित होगी, तो यह दक्षिणी राज्यों के साथ अन्याय होगा, क्योंकि इससे लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। खरगे ने लोगों से इस 'अन्याय' के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय केएच पाटिल के जन्मशती समारोह को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की और शिक्षा पर कथित रूप से कम जोर दिए जाने तथा शैक्षणिक संस्थानों में बड़ी संख्या में रिक्तियों पर चिंता जताई। खरगे ने कहा, ''केंद्र सरकार सहकारी संघवाद की बात करती है। अगर सहकारी संघवाद है, तो लोगों को वह धनराशि क्यों नहीं मिल रही, जिसके वे हकदार हैं? क्या कर्नाटक में सहकारी समितियों को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से वह धनराशि मिल रही है, जो उन्हें मिलनी चाहिए? इसमें 58 प्रतिशत की कमी आई है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कर्नाटक के लोगों से एकजुट होने और उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''जब मुद्दा कर्नाटक और उसके विकास से संबंधित हो, तो सभी को एक सुर में बोलना चाहिए।'' खरगे ने कहा, ''जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की योजना बनाई जा रही है। इसके जरिये दक्षिण भारत में संसदीय और विधानसभा सीटों की संख्या कम करने का प्रयास किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि परिसीमन से उत्तरी राज्यों के प्रतिनिधित्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''ऐसी खबरें सामने आ रही हैं और हमें इंतजार करना चाहिए तथा देखना चाहिए। यदि ऐसा होता है, तो यह अन्याय होगा। हमें इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।''

## कांग्रेस ने बोडो समझौते का मजाक उड़ाया, लेकिन इससे क्षेत्र में शांति स्थापित हुई : अमित शाह

**कोकराझार (असम) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार ने बोडो समझौते पर हस्ताक्षर किए, तो कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया था, लेकिन इस समझौते से क्षेत्र में शांति स्थापित हुई और विकास को गति मिली। शाह ने असम के कोकराझार में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के युवा अब बंदूकों की जगह तिरंगा लेकर चलते हैं और यह जनवरी 2020 में बोडो समझौते




पर हस्ताक्षर के कारण संभव हुआ है। गृह मंत्री ने कहा, ''बीटीआर में शांति, विकास और उत्साह का माहौल समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले एबीएसयू की वजह से ही संभव हो पाया है। अगर एबीएसयू ने पहल नहीं की होती, तो इस क्षेत्र में न तो समझौता होता और न ही शांति कायम होती।'' शाह ने कहा, ''कांग्रेस ने भले ही यह कहकर हमारी हंसी उड़ाई हो कि बीटीआर में शांति स्थापित नहीं होगी और यह समझौता एक मजाक साबित होगा, लेकिन बोडो समझौते की 82 फीसदी शर्तों को लागू किया जा चुका है। अगले दो वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन होगा, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति कायम होगी।'' भाजपा नेता ने कहा, ''समझौते की शर्तों के अनुसार, हमने 2022 में पूरे बीटीआर क्षेत्र को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के दायरे से बाहर कर दिया है।''

## अमित शाह ने पूर्वोत्तर राज्यों में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की

**गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पुलिस महानिदेशकों (डीजीपा) के साथ समीक्षा बैठक में तीन नए आपराधिक कानूनों - बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा की। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के कारण वहां के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बैठक में भाग लिया। असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वर्तमान में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं, जबकि



मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर को छोड़कर पांच राज्यों के डीजीपी मौजूद हैं। बैठक में कई पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्य सचिव भी मौजूद हैं। आठ राज्यों में से प्रत्येक ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के कार्यान्वयन पर केंद्रीय गृह मंत्री को अद्यतन जानकारी देने के लिए प्रस्तुति दी। एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, बैठक कुछ समय पहले शुरू हुई है। शाह के आगमन के बाद केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन के प्रारंभिक वक्तव्य के साथ इसकी शुरुआत हुई।

## बीसीसीआई की चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने इस्तीफा दिया, सीओई में हो सकते हैं बदलाव

**नयी दिल्ली :** बीसीसीआई के 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' (सीओई, पहले एनसीए-राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के स्टाफ में आने वाले कुछ महीनों में कुछ बदलाव हो सकते हैं क्योंकि खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने हाल ही में लगभग तीन साल के सफल कार्यकाल के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। पटेल इस पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे, लेकिन बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को इस बात की पुष्टि की कि एनसीए के सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों में से एक नितिन ने वास्तव में अपना पद छोड़ दिया है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, नितिन ने स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है।

# विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल : भारत ने 33 पदक के साथ अभियान खत्म किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। अल्पाइन स्कीइंग वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लालोम (क्रमशः एफ01 और एफ04) में रजत पदक जीते जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लालोम (एम02) में एक और रजत पदक हासिल किया। आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक (एफ02 वर्ग) में कांस्य पदक जीता। फ्लोरबॉल स्पर्धा में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल



किए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।

# नतीजों से पता चलता है कि कौन सी टीम बेहतर है, भारत-पाक क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता पर बोले मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम के हाल के वर्षों में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ दबदबा बनाए रखने के संदर्भ में रविवार को कहा कि वह क्रिकेट विशेषज्ञ नहीं हैं लेकिन नतीजों से पता चलता है कि कौन सी टीम बेहतर है। मोदी ने रविवार को अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर लेक्स फ्राइडमैन के साथ बातचीत के दौरान अपने विचार साझा किए। फुटबॉल के संदर्भ में उन्होंने महान डिएगो माराडोना को अपने जमाने का वास्तविक नायक करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि वर्तमान पीढ़ी का पसंदीदा खिलाड़ी लियोनल मेस्सी है। भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के संदर्भ में मोदी ने कहा, '''मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं और मैं इस खेल के तकनीकी पक्षों के बारे में नहीं जानता। इसका जवाब केवल विशेषज्ञ ही दे सकते हैं लेकिन कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला गया था। इसके नतीजे से पता चलता है कि कौन सी टीम बेहतर है। हम इसको इसी तरह से जानते हैं।'' भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी और अपने अजेय अभियान की राह में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। मोदी ने कहा, ''मुझे लगता है कि खेलों में पूरी दुनिया को ऊर्जावान बनाने की ताकत है। खेल की भावना विभिन्न देशों के लोगों को एक साथ जोड़ती है। इसलिए मैं कभी नहीं चाहूंगा कि खेलों को श्रेय ना दिया जाए। मैं वास्तव में मानता हूं कि खेल मानव विकास में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, वे सिर्फ खेल नहीं हैं। वे लोगों को गहरे स्तर पर जोड़ते हैं। '' भारत में फुटबॉल की लोकप्रियता के संदर्भ में उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल की अपनी यात्रा को याद किया, जहां उन्होंने निवासियों के बीच खेल के प्रति गहरा प्रेम देखा जो अपने क्षेत्र को 'मिनी ब्राजील' कहते थे। प्रधानमंत्री ने बिचारपुर के संदर्भ में यह बात कही। मोदी ने कहा, ''शहडोल नाम का एक जिला है, जो पूरी तरह से आदिवासी क्षेत्र है, जहां आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। जब मैंने वहां का दौरा किया, तो मैंने लगभग 80 से 100 युवा लड़कों और यहां तक कि अधिक उम्र के लोगों को देखा, जो सभी खेल की जर्सी पहने हुए थे।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैंने उनसे पूछा कि आप सब कहां से हैं तो उन्होंने जवाब दिया हम मिनी ब्राजील से हैं। उन्होंने बताया कि उनके गांव में चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेला जा रहा है। यहां से लगभग 80 राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी निकले हैं और उनका पूरा गांव फुटबॉल के लिए समर्पित हैं।'' मोदी ने कहा, ''उन्होंने मुझे बताया कि उनके वार्षिक फुटबॉल मैच के दौरान आसपास के गांवों से लगभग 20,000 से 25,000 दर्शक देखने आते हैं। मोदी से जब उनके पसंदीदा फुटबॉल खिलाड़ी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''अगर हम अतीत की बात करें तो 1980 के दशक में एक नाम जो हमेशा सामने आता था वह माराडोना का था। उस पीढ़ी के लिए, उन्हें एक वास्तविक नायक के रूप में देखा जाता था। अगर आप आज की पीढ़ी से पूछेंगे, तो वे तपाक से कहेंगे (लियोनल) मेस्सी।''

# कोहली ने दौरों पर परिवार के साथ रहने की वकालत की, कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता

**बेंगलुरू :** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे। भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं। कोहली ने शनिवार को यहां



खत्म हुए आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, ''लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है। '' कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, ''मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। '' कोहली ने कहा, ''आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है। '' उन्होंने कहा, ''इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता। '' कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो

# घरेलू क्रिकेट की फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखना चाहते हैं करुण नायर

**नयी दिल्ली :** घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी अच्छी फार्म जारी रखकर अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स को पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं। नायर घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेली जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में नौ मैच में 389.50 की औसत से 779 रन बनाए जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी अपनी यह फॉर्म जारी रखी और 57.33 की औसत से 860 रन बनाए जिसमें चार शतक शामिल हैं। उन्होंने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में नाबाद 132 रन बनाकर अपनी टीम को चैंपियन बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी आईपीएल से पहले उन्हें 50 लाख रुपए में खरीदा। नायर ने यहां पत्रकारों से कहा, ''मैं दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी करके वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं टीम से जुड़ने और खेलने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं प्रत्येक मैच को पिछले मैच की तरह महत्वपूर्ण मानकर चलूंगा। मैंने बहुत अधिक बदलाव नहीं किये और केवल प्रक्रिया पर भरोसा रखा तथा पूरे सत्र के दौरान ऐसा करना जारी रखा। इस सत्र के लिए यही मेरी रणनीति थी।'' उन्होंने कहा, ''मैं जितनी जल्दी हो सके अपनी प्रक्रिया, अपनी लय हासिल कर लूंगा और मैं जल्दी अच्छी शुरुआत करना चाहूंगा और जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा मैं बेहतर होने की कोशिश करूंगा। मैंने जो एकमात्र चीज की है वह स्वयं को परिस्थितियों के अनुसार ढालना है। मैंने अपने खेल में कुछ शॉट्स जोड़े और जरूरत पड़ने पर उन्हें आजमाने का आत्मविश्वास बनाया। मैं अब तनावमुक्त रहने की भी कोशिश करता हूं।'' नायर ने दिल्ली कैपिटल्स के नए कप्तान अक्षर पटेल की ही जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''अक्षर लंबे समय से खेल रहा है और वह शानदार कप्तान साबित होगा। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो खेल के प्रत्येक पहलू के बारे में अच्छी तरह से जानता है और प्रत्येक की स्थिति और भूमिका को समझता है। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।''

# न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को नौ विकेट से हराया

**क्राइस्टचर्च :** न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। अपनी मेजबानी में हुई 50 ओवरों के प्रारूप की चैम्पियंस ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं जीत पाने के बाद पाकिस्तान की टीम में कई बदलाव किये गए हैं। सलमान आगा पहली बार कप्तानी कर रहे हैं और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में अब हर श्रृंखला अहम है। पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन पर आउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का पांचवां न्यूनतम स्कोर है। न्यूजीलैंड ने 10 . 1 ओवर में एक विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट




ने 29 गेंद में 44 और फिन एलेन ने 17 गेंद में 29 रन बनाये। टिम रॉबिनसन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की जगह खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस और हसन नवाज खाता भी नहीं खोल सके। पहले छह ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 14 रन था। न्यूजीलैंड के लिये काइल जैमीसन ने आठ रन देकर तीन और जैकब डफी ने 14 रन देकर चार विकेट लिये। दूसरा मैच मंगलवार को डुनेडिन में खेला जायेगा।

## समाज्ञा व्यापार

## सेबी ने निपटान मानदंड लागू करने के लिए एसओपी की योजना बनाई

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी निपटान मामलों की बढ़ती संख्या के बीच निपटान नियमों को लागू करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अंतिम रूप देने के लिए चर्चा कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) इसके अलावा, मामलों के निपटान के लिए निपटान फार्मूले को लागू करने में एकरूपता लाने पर विचार कर रहा है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने रविवार को कहा कि नियामक निपटान नियमों को लागू करने के लिए एसओपी पर काम कर रहा है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, यह काम प्रगति पर है... इस पर अंतिम चर्चा चल रही है।

# आईआईटी मद्रास में विकसित हो रही हाइपरलूप परियोजना दुनिया में सबसे लंबी होगी: वैष्णव

**चेन्नई :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में विकास के तहत महत्वाकांक्षी हाइपरलूप परियोजना में एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब होगी। उन्होंने कहा कि इसकी लंबाई 410 मीटर होगी और यह जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप बन जाएगी। शहर के संक्षिप्त दौरे पर आए रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने 15 मार्च को आईआईटी मद्रास में हाइपरलूप परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हाइपरलूप



परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक प्रौद्योगिकी चेन्नई स्थित 'इंटीग्रल कोच फैक्ट्री' में विकसित की जाएगी। रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में वैष्णव ने आईआईटी मद्रास परिसर में अपने दौरे का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, एशिया में सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब (410 मीटर)... जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी होगी। हाइपरलूप को परिवहन का पांचवा तरीका माना जाता है। यह एक हाई-स्पीड ट्रेन है जो लगभग निर्वात ट्यूब में यात्रा करती है। कम वायु प्रतिरोध ट्यूब के अंदर कैप्सूल को 1,000 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति तक पहुंचने की सहूलियत देता है। रेल मंत्रालय ने मई, 2022 में हाइपरलूप परिवहन प्रणाली और इसकी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से विकसित और मान्य करने के लिए आईआईटी मद्रास को 8.34 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी थी।

# भारत, न्यूजीलैंड ने एफटीए वार्ता बहाल करने की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता बहाल करने की घोषणा की, जो 2015 में स्थगित हो गई थी। भारत और न्यूजीलैंड ने वस्तुओं, सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अप्रैल, 2010 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी। हालांकि, नौ दौर की चर्चाओं के बाद 2015 में वार्ता रुक गई थी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, दोनों देश एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के लिए बातचीत शुरू करने की घोषणा करते हुए खुश हैं। यह घोषणा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 16 मार्च से चार दिवसीय यात्रा पर यहां आ रहे हैं। मंत्रालय ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच बैठक के बाद यह घोषणा की। बयान के अनुसार, भारत-



न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का उद्देश्य संतुलित परिणाम प्राप्त करना है, जिससे आपूर्ति शृंखला एकीकरण बढ़े और बाजार पहुंच में सुधार हो। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि जारी है, जो अप्रैल-जनवरी 2025 के दौरान एक अरब डॉलर को पार कर जाएगा। एफटीए वार्ता का उद्देश्य व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए नए रास्ते खोलना, हमारे देशों की पारस्परिक वृद्धि और समृद्धि को बढ़ावा देना है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, नए सिरे से होने वाली वार्ता में एक बड़ी चुनौती शुल्क संरचनाओं में असमानता होगी। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क केवल 2.3 प्रतिशत है, जबकि इसकी आधी से अधिक शुल्क लाइनें पहले से ही शुल्क-मुक्त हैं, जिसका अर्थ है कि भारतीय वस्तुओं की पहले से ही उसके बाजार में पर्याप्त पहुंच है। इसके विपरीत, भारत का औसत शुल्क 17.8 प्रतिशत है, जिसका अर्थ है कि उसे महत्वपूर्ण कटौती करनी होगी, जिससे भारत के लिए पारंपरिक एफटीए कम आकर्षक हो जाएगा।

# न्यू इंडिया बैंक मामला: आरोपियों ने ईओडब्ल्यू के समक्ष किया आत्मसमर्पण

### अब तक छह गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने रविवार को न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पिछले एक महीने से फरार चल रहे अरुणाचलम उल्लानाथन मारुथुवर (62) ने सुबह दक्षिण मुंबई स्थित ईओडब्ल्यू कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। ईओडब्ल्यू अधिकारी ने बताया कि उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 18 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में यह छठी गिरफ़्तारी है। पुलिस के अनुसार, अरुणाचलम को सहकारी बैंक के पूर्व महाप्रबंधक और खातों के प्रमुख हितेश मेहता से गबन की गई राशि में से लगभग 30 करोड़ रुपए मिले थे। वित्तीय अपराध निरोधक इकाई ने शुक्रवार को वांछित आर-ोपी और सिविल ठेकेदार कपिल देधिया को पड़ोसी गुजरात के वडोदरा से गिरफ़्तार किया। यहां की एक अदालत ने उसे 19 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि गबन की गई राशि में से 12 करोड़ रुपए उसके खाते में जमा किए गए थे। पुलिस के अनुसार, न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के मुंबई स्थित प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों से 122 करोड़ रुपये निकाल लिए गए। छह व्यक्तियों की गिरफ्तारी के अलावा कुछ और व्यक्तियों को भी वांछित आरोपी बनाया गया है, जिनमें बैंक के पूर्व चेयरमैन हिरेन भानु और उनकी पत्नी, पूर्व वाइस चेयरमैन गौरी भानु भी शामिल हैं, जो घोटाला सामने आने से ठीक पहले विदेश भाग गए थे।

# दिव्यांगों को नौकरी देने के मामले में सकारात्मक रुख अपना रही हैं भारतीय कंपनियां

**कोलकाता :** भारतीय कंपनियां दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) की नियुक्ति में तेजी ला रही हैं, क्योंकि वे इसे 'सामाजिक अनिवार्यता' और बढ़ती विविधता, समानता और समावेश (डीईआई) प्रतिबद्धताओं के बीच 'रणनीतिक व्यावसायिक लाभ' के रूप में देख रही हैं। हितधारकों का कहना है कि भारतीय कॉरपोरेट घरानों में ऐसे लोगों को शामिल करने की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। पिछले तीन वर्षों में समावेशी भूमिकाओं के लिए नौकरी भर्तियों में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस्पात और खनन क्षेत्रों से लेकर बीमा क्षेत्र तक की भारतीय कंपनियां अपने यहां दिव्यांगों को शामिल करने के लिए कार्यस्थल की सुलभता पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

# नवी मुंबई हवाई अड्डे का उद्घाटन जून में होगा: गौतम अदाणी

**मुंबई :** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को कहा कि आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन जून में किया जाएगा। इससे पहले, इसका उद्घाटन 17 अप्रैल को होना तय था। नया हवाई अड्डा- छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद मुंबई महानगर क्षेत्र में दूसरी सुविधा है, जिसे (एक विशेष प्रयोजन इकाई) एनएमआईएएल द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र



(सिडको) के बीच 74:26 का संयुक्त उद्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी, 2018 में नए हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी, जिस पर 16,700 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सीमित क्षमता वाले मुंबई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ को कम करना और देश में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

# शहरी माल ढुलाई सेवा के लिए डीएमआरसी और ब्लू डार्ट में समझौता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) और माल ढुलाई सेवा प्रदाता ब्लू डार्ट ने रविवार को शहरी माल ढुलाई सेवा प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। डीएमआरसी के एक बयान के अनुसार, यह पहल - पूरे दक्षिण एशिया प्रशांत क्षेत्र में अपनी तरह की पहली पहल है। यह पर्यावरण संरक्षण और अधिक टिकाऊ माल ढुलाई समाधानों को बढ़ावा देने के लिए डीएमआरसी और ब्लू डार्ट, दोनों की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। डीएमआरसी ने कहा कि इस सहयोग के तहत, ब्लू डार्ट गैर-व्यस्त घंटों के दौरान मेट्रो ट्रेनों के माध्यम से माल ढुलाई करेगी, जल्द माल ढुलाई की तेज़ और अधिक विश्वसनीय आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध क्षमता का उपयोग करेगा। उसने बताया कि इस कदम से सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होगी, जिससे भीड़भाड़ कम होगी और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा। साथ ही, डीएमआरसी पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए अपने संसाधनों का अनुकूलन करेगा। डीएमआरसी ने बयान में कहा, इस पहल के तहत, डीएमआरसी दिल्ली-एनसीआर में एक टिकाऊ शहरी माल नेटवर्क स्थापित करने के लिए अपने स्टेशनों और पटरियों का लाभ उठा रहा है। इसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य परिचालन दक्षता को बढ़ावा देना, डिलीवरी की समयसीमा को कम करना और मेट्रो परिसरों को माल ढुलाई केंद्र में बदलकर कम कार्बन उत्सर्जन के साथ शहरी माल ढुलाई प्रणालियों का समर्थन करना है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4178 अंक 328, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in